वर्ष- 22 अंक - 68 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, गुरुवार 20 अगस्त 2026



## राजीव गांधी को याद किया

**नई दिल्ली.एजेंसी।** आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती है। इस मौके पर उनके परिवार के साथ पीएम मोदी ने भी उन्हें याद किया। राजीव गांधी को याद करते हुए पीएम मोदी ने पोस्ट शेयर किया है। कांग्रेस लीडर सोनिया गांधी, उनके बेटे राहुल गांधी और बेटी प्रियंका गांधी श्रद्धांजलि देने के लिए वीरभूमि गए।





## भारत ने लिया बदला, पाक उच्चायोग का सुरक्षा घेरा हटाया

**नई दिल्ली.एजेंसी।** भारत ने दिल्ली में पाकिस्तानी उच्चायोग के बाहर सुरक्षा घेरा हटा दिया। ट्रैफिक बोलार्ड और बैरिकेड्स भी हटा दिए। कुछ दिन पहले पाकिस्तानी अधिकारियों ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय हाई कमीशन के बाहर लगाए गए पार्किंग पोल हटा दिए थे। इसके बाद भारत की ओर से भी पाकिस्तान के राजनयिक मिशन के बाहर सुरक्षा व्यवस्था में बदलाव किया गया।

# शकर के बढ़ते दामों को रोकने के लिए स्टॉक सीमा तय

गुरुवार ● एजेंसी

त्योहारी सीजन में शकर कड़वी हो गई। पिछले 15 दिनों में शकर के भाव 15 रुपए किलो बढ़कर 65 तक पहुंच गए। शकर के बढ़ते भावों पर लगाम लगाने के लिए केंद्र सरकार ने 10 मीट्रिक टन से अधिक मासिक चीनी इस्तेमाल करने वाले डीलरों के लिए स्टॉक सीमा तय की है। सरकारी अधिसूचना के अनुसार ऐसे डीलर 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक नहीं रख सकेंगे। यह आदेश 1 सितंबर से 30 नवंबर तक लागू रहेगा। अगस्त से नवंबर के बीच गणेश चतुर्थी, दशहरा और दिवाली जैसे त्योहारों के कारण चीनी की मांग बढ़ती है। इस दौरान बिस्कुट और कन्फेक्शनरी कंपनियां पहले से स्टॉक बढ़ाती हैं।

## ईरान की मदद करने वालों को ट्रंप ने दी धमकी

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर अब तक की सबसे कड़ी आर्थिक कार्रवाई का ऐलान किया और मदद करने वाले देशों को भी अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। ईरान को अलग-थलग करने के इस अभियान का असर भारत और दुनिया के अन्य देशों पर भी पड़ सकता है।

## हेलीकॉप्टर क्रैश, 7 की मौत

**नैरोबी.एजेंसी।** केन्या के उत्तरी हिस्से में सफारी के दौरान एक हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया। हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई, जिनमें पांच अमेरिकी नागरिक शामिल थे।

# मप्र के कई इलाकों में बाढ़

## उप्र में गंगा सहित कई नदियां उफान पर

गुरुवार ● एजेंसी

मध्यप्रदेश के रीवा, डिंडौरी सहित कई इलाकों में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। उधर उप्र में गंगा, यमुना, घाघरा, गोमती सहित तमाम नदियां उफान पर आ गईं और कई इलाके बाढ़ में घिर गए। प्रयागराज में 5 फीट तक पानी भर गया। काशी में मणिकर्णिका घाट डूबने से छत पर अंतिम संस्कार किया जा रहा है।



वाराणसी में सभी 84 घाट डूब गए। उधर पश्चिम बंगाल के आसनसोल में बाढ़ के कारण लोग छतों पर रहने को मजबूर हैं। दिल्ली भी आज सुबह पानी-पानी हो गई।

## भागवत के अमेरिकी दौरे से पहले संघ पर प्रतिबंध की मांग

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** धार्मिक स्वतंत्रता पर काम करने वाली एक अमेरिकी एडवाइजरी बॉडी के अधिकारियों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाते की मांग की है और अमेरिकी सरकार से कहा कि वह संघ के नेताओं से मुलाकात न करें और न ही उनके साथ हाई लेवल (उच्च-स्तरीय) बैठकें करें। उनका ये बयान संघ प्रमुख मोहन भागवत के 29 अगस्त को न्यूयॉर्क में आयोजित 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन्स' में भाग लेने के अमेरिकी दौरे से ठीक पहले आया है।

## पुणे में 30 शर्तों के साथ राहुल के कार्यक्रम को अनुमति

**पुणे.एजेंसी।** राहुल गांधी का 22 अगस्त को पुणे में होने वाला 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम अब पुलिस की मंजूरी के बाद आयोजित होगा, लेकिन इसके लिए 30 शर्तें तय की गई हैं। धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखने से लेकर सुरक्षा, सीसीटीवी, पार्किंग और शोर की सीमा तक कई नियम लागू होंगे।

## बांग्लादेशी नेता बोला- हिंदुओं को आसानी से मार सकते हैं

**ढाका.एजेंसी।** बांग्लादेश में अल-कायदा से जुड़े नेता हारुन इजहार का हिंदुओं को लेकर विवादित बयान सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में वह कहता नजर आ रहा है कि हिंदुओं को आसानी से मारा जा सकता है। यह वीडियो चटग्राम में आयोजित एक कार्यक्रम का है।

## वानर ने छीने महिला के 42 हजार रुपए

**अयोध्या.एजेंसी।** अयोध्या में एक वानर ने एक महिला के करीब 42 हजार रुपए छिन लिए। काफी कोशिशों के बाद भी जब पैसे वापस नहीं मिले, तो पुलिस ने बंदर को एक केला दिया। जैसे ही बंदर का ध्यान केले की तरफ गया, वह उसे खाने में व्यस्त हो गया। इसी मौके का फायदा उठाकर पुलिस ने उसके पास रखे पैसे सुरक्षित निकाल लिए।

## छात्राओं की पानी की बोतल में मिला दिया यूरीन

**गुना.एजेंसी।** गुना जिले के आरोन ब्लॉक अंतर्गत घटावदा गांव के शासकीय स्कूल में लंच पीरियड के दौरान कक्षा सातवीं का एक शरारती छात्र क्लास में पहुंचा। उसने क्लास में रखी छात्राओं की पानी की बोतलों में पेशाब कर दिया। यह पानी पीने से छात्रों की तबीयत बिगड़ गई। बाद में जब हकीकत का खुलासा हुआ तो प्राचार्य ने मामले को दबाने की कोशिश की। उन्होंने तत्काल बाजार से टॉफियां मंगवाकर छात्राओं को दीं और कहा कि घर पर इस बारे में किसी को मत बताना, लेकिन छात्राओं ने घर जाकर यह बात बताई तो परिजनों ने स्कूल में हंगामा किया।




## वैष्णो देवी मंदिर में अब मशीन से होगी चढ़ावे की गिनती

**जम्मू.एजेंसी।** वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं के चढ़ावे की मैनुअल काउंटिंग अब पूरी तरह बंद हो जाएगी। इसके लिए दो कैश रीसाइक्लर मशीनें लगाई गई हैं। बाकी सीआरएम भी आने वाले दिनों में लगा दी जाएंगी। उधर अयोध्या के परिषदीय विद्यालयों में बाहरी लोगों और सोशल मीडिया से जुड़े लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

## आपस में भिड़े भाजपाई, फटे कपड़े, कान से निकला खून

**कानपुर.एजेंसी।** कानपुर में भाजपा के स्वागत समारोह के दौरान मंच पर बैठने को लेकर दो पदाधिकारियों के बीच विवाद मारपीट में बदल गया। पूर्व जिला मंत्री शिवपूजन सविता और जिला सह-मीडिया प्रभारी डॉ. विनय सिंह राठौर के बीच हुई झड़प में एक के कान से खून निकलने और दूसरे के कपड़े फटने की जानकारी सामने आई। मामला बढ़ने पर दोनों को बाहर भेजा गया।

# राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों की सद्भावना दौड़



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव और पार्षदपति सादिक खान के नेतृत्व में आज चोइथराम अस्पताल माणिकबाग रोड से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना दौड़ का आयोजन राजीव गांधी प्रतिमा तक किया गया। ज्यादातर कांग्रेसी सफेद वस्त्रों में पहुंचे। कांग्रेसियों ने नारे भी गुंजाए। प्रतिमा पहुंचकर माल्यार्पण भी किया गया। एकता और अखंडता की शपथ भी ली गई। देवेन्द्रसिंह यादव, सादिक खान, सत्यनारायण सलवाड़िया, मजहर हुसैन सेठजीवाला, नीलेश सेन शैलू, श्याम यादव, कमलेश पाठक, जौहर मानपुरवाला, विकास जोशी, नितिश भारद्वाज, मनोज तोमर, शेख सलीम, फिरोज बाबा, रविन्द्र विश्वकर्मा, मनोहर तोमर, सुनीलसिंह अवधिया, विनोद वर्मा, दीपक चौधरी,लवेश यादव, महेंद्रसिंह यादव, सुरेश प्रजापत, राहुल तायड़े, यशपाल गेहलोत, चिंतामणि शर्मा, एहतेशाम अली, पीके उपाध्याय, सुनील विश्वकर्मा, बरकत खान, राजिक खान, अख्तर जावेद, कमल राणे, सावन सिलावट, राधेश्याम चौहान, संजय बनाफर, दिनेश तंवर, कैलाश धेपाले सहित अन्य मौजूद थे।



# विजयवर्गीय ने किया हनुमान चालीसा पाठ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने श्रद्धालुओं के साथ पितृ पर्वत पर पितरेश्वर हनुमान धाम में हनुमान चालीसा का पाठ किया। हनुमानजी के साथ भोलेनाथ के जयकारे भी लगे। विजयवर्गीय ने कहा कि हनुमान जी रुद्र अवतार है, इसलिए महादेव के प्रिय श्रावण मास के अवसर पर हनुमानजी की आराधना करो या भोलेनाथ की उपासना करो एक ही बात है। पितृ पर्वत पर सवा लाख हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन हो रहा है, जो 28 अगस्त तक चलेगा और समापन होगा। अभी तक 60 हजार हनुमान चालीसा का पाठ हो चुका है।

# जनप्रतिनिधियों ने ब्रिज से राह बनाई आसान



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** विधानसभा 3 के वार्ड 59 की पार्षद रूपाली पेंढारकर ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला द्वारा दो करोड़ की लागत से निर्मित चन्द्रभागा ब्रिज से हरसिद्धि ब्रिज तक बनाई गई सड़क का शुभारंभ किया गया। अब मोती तबेला जाने वाले मार्ग को बेहतर कनेक्टिवीटी इस चन्द्रभागा पुल से हरसिद्धी ब्रिज तक मार्ग से हुई है। इस योजना में केन्द्र की सहायता राशि भी मिली है। शुभारंभ कर दिया गया, लेकिन अभी भी बचा हुआ कार्य किया जा रहा है। इस मार्ग पर यूटिलिटि डालने का कार्य एवं फुटपाथ निर्माण का कार्य शेष होकर कार्य हो रहा है। इस मार्ग से पंढरीनाथ और हरसिद्धि पर यातायात का दबाव कम होगा।

# केन्द्रीय मंत्री शेखावत इंदौर आकर पीथमपुर पहुंचे

## भाजपा नेताओं ने किया स्वागत



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत आज सुबह इंदौर विमानतल पर पहुंचे, तो उनकी अगवानी करने नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, मंत्री तुलसीराम सिलावट, दीपक जैन टीनू, विशाल यादव, नागेश पंवार, पवन पंवार सहित अन्य पहुंचे। विमानतल वीआईपी लाउंज में रूकने के बाद शेखावत यहां से पीथमपुर इंडस्ट्रीज एरिया में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंच गए। आज दोपहर में वापस दिल्ली केन्द्रीय मंत्री रवाना हो जाएंगे वे केवल पीथमपुर कार्यक्रम में शिरकत करने आए थे।

# पूर्व विधायक ने किया पौधारोपण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** गीतारामेश्वरम् ट्रस्ट के बैनरतले बिचोली मर्दाना स्थित साईं मंदिर परिसर एवं सड़क के दोनों ओर विशेष पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, कैप्टन दिगेन्द्र कुमार, कैप्टन सुरेन्द्र सिंह,मदन परमालिया सहित अनेक उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री से कराई जीतू यादव की वापसी के बाद मुलाकात



## दो विधायक और नगर अध्यक्ष रहे मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** दो दिन पहले विधायक रमेश मेंदोला और गोलू शुक्ला ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से जीतू यादव की वापसी के बाद चर्चा की थी और कल जीतू यादव को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से वापसी के बाद मिलवाने विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, सुमित मिश्रा उज्जैन ले गए।



# कलाकार ने सिखाये गणेशजी बनाना, तो मंत्री ने किया सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

माटी गणेश कलाकार देवेंद्र अत्रे पर्यावरण संरक्षण के लिए पिछले 20 वर्षों से बच्चों को मिट्टी के गणेश जी बनाना सिखा रहे हैं। उनकी इस कला और सेवा की कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कलाकार की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया।

# भाजपाई निकालेंगे कल कलश वंदन यात्रा





## रविदास महाराज की जन्म स्थली से आई पवित्र माटी, 35 मंडलों में कलश का वितरण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती इस बार बड़े रूप में भाजपा मना रही है। 5 चरण में अलग-अलग आयोजन होना है, इसी कड़ी में रविदास महाराज की जयंती उपलक्ष्य में कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ कल 21 अगस्त की शाम 5 बजे गांधी हॉल में कलश के पूजन के साथ होगा। साधु-संतों और भाजपाइयों की मौजूदगी रहेगी। संत की जन्म स्थली काशी से पवित्र माटी भोपाल पहुंची और भोपाल से यह माटी इंदौर पहुंची। माटी की अगवानी की गई, अब यह पवित्र माटी 35 मंडलों में कलश के माध्यम से पहुंचेगी, जहां पूजन वंदन भी होंगे। इन कलश को सभी 35 मंडलों में पहुंचाया जाएगा। कलश वंदन यात्रा के माध्यम से संत के समरसता संदेश को भी जन-जन तक भाजपा पहुंचाएगी। कलश यात्रा पूरे देश और प्रदेश में भाजपा द्वारा निकाली जा रही है इसी कड़ी में कल शाम पूजन वंदन के बाद गांधी हॉल से कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा प्रभारी की जिम्मेदारी नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने भूपेन्द्र केसरी और अजा मोर्चा के अध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान को दी है। इंदौर के जनप्रतिनिधि कल कलश यात्रा के पूर्व पूजन में भी मौजूद रहेंगे। कलश भोपाल से इंदौर के भाजपा नेताओं ने ग्रहण किए थे। कल कलश पूजन के बाद 35 मंडलों में यह कलश पहुंचेंगे और सभी मंडल में कलश वंदन यात्रा कल 21 से 29 अगस्त तक निकाली जाएगी। मंडल के सभी वार्डों के प्रत्येक मंदिरों, मठों, आश्रमों, मोहल्लों, प्रत्येक गली, सभी समाजों के बीच हर घर, घर घर तक पहुंचेगी। यात्रा के दौरान साधु संतों का सम्मान भी किया जाएगा और संत शिरोमणि रविदास जी के सामाजिक समरसता के संदेश को जन जन तक पहुंचाया जाएगा।




# कांग्रेस ने किया राजीव गांधी को याद

## पिंटू जोशी से राजीनामे का असर नाराजगी में दिखा

## इस बार देरी से हुआ आयोजन, टेंट भी नहीं लगा, नाश्ता भी नहीं हुआ





**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री और डिजिटल इंडिया के जनक राजीव गांधी को आज उनकी जन्मजयंती पर कांग्रेसियों ने प्रतिमा पर पहुंचकर याद किया। हमेशा कांग्रेस सुबह साढ़े 8 बजे महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण करती है इस बार कांग्रेसियों ने सुबह 9.30 बजे माल्यार्पण का समय रखा। गत वर्ष चिंटू चौकसे के अध्यक्ष बनने के बाद राजीव गांधी प्रतिमा पर हुए कार्यक्रम में टेंट भी लगाया गया था और चाय-नाश्ते का आयोजन भी रखा गया था। इस बार वह आयोजन भी नदारद रहा। गांधी भवन की जासूस तिकड़ी को भी देखने की आज कांग्रेसियों ने कोशिश की। सिटी ब्लास्ट की खबर यहां भी चर्चा में बनी रही। कांग्रेसी टेंट और चाय-नाश्ता पर भी चर्चा करते देखे गए। बिजली कनेक्शन को लेकर भी आज कार्यक्रम में चर्चा बनी नही। महत्वपूर्ण बात यह रही कि कार्यक्रम में ज्यादातर विधानसभा प्रभारी, कांग्रेसी पार्षद और वरिष्ठ नेताओं की कमी दिखी। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष शैलेष गर्ग भी नहीं दिखे तो कुछ कांग्रेसी आपस में चर्चा कर रहे थे कि पिंटू जोशी से हुए चिंटू चौकसे के राजीनामे को लेकर संभवतः शैलेष गर्ग नाराज हैं। वे इसी कारण आज कार्यक्रम में नहीं पहुंचे और शायद टेंट और चाय नाश्ते का कार्यक्रम भी नहीं हो पाया। शहर कांग्रेस के पदाधिकारियों से लेकर ब्लॉक और मंडलम पदाधिकारियों का भी टोटा दिखा। मंडलम में महिला पदाधिकारी बनाई गई है लेकिन गिनती की महिलाएं आज कार्यक्रम में दिखी। आज प्रमुख रूप से चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े, संजय बाकलीवाल, दौलत पटेल, अर्चना जायसवाल, श्याम यादव, मुकेश ठाकुर, अमिताभ सिंघल, दीपक मलोरिया रानू, जीतू दीवान, कमलेश पाठक, मजहर हुसैन सेठजीवाला, अजयनारायण सीतलानी, विकास जोशी, सत्यनारायण सलवाडिया, मनीष मिंडा, इम्तियाज बेलिम, नीलेश सेन शैलू, प्रमोद द्विवेदी, राहुल धाकरे, बलवंत टटवाडे, जतिन थोरात, हितेश यादव, जौहर मानपुरवाला, विजय बिलोने, राहुल गेहलोत, दिनेश मल्हार, राय मुनि भगत, शशि हाडा, सुधा मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस ने लगाया भाजपा पर दलित विरोधी आरोप

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने आरोप लगाया कि एक तरफ भाजपा सामाजिक समरसता का स्वांग रच रही है और दूसरी ओर भाजपा सरकार से लेकर निगम परिषद तक में दलित वर्ग के जनप्रतिनिधि की आवाज रोकी जा रही है। दलित समाज से जुड़े पार्षद जीतू यादव- जाटव की भाजपा में एंट्री तो कर दी गई लेकिन उन्हें अभी महापौर ने रणनीति के तहत एमआईसी से दूर रख दिया और एमआईसी का दसवां विभाग दूसरे एमआईसी सदस्य निरंजनसिंह चौहान को दे दिया। वहीं भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य ने भी दलित महिला वर्ग का अपमान किया। चौरसिया ने कहा कि यह भाजपा की कैसी समरसता है। भाजपा का दलित विरोधी चेहरा फिर बेनकाब होने की बात भी चौरसिया ने कही है।

# कांग्रेस ने लगाए निगम पर गंभीर आरोप

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने मीडिया से चर्चा में आरोप लगाया कि निगम वरिष्ठ अधिकारी सूचना प्रोद्योगिकी नियम 2015 का प्रावधान अधिकारी ने क्यों नहीं अवलोकित किया? डिजिटल हस्ताक्षर दोनो उपायुक्त के अन्य द्वारा किये गये तो उन पर कौन सी अपराधिक धाराओं में प्रकरण दर्ज करवाए गये। उपायुक्त पर लापरवाही बरतने पर क्या कार्यवाही हुई? 51 से अधिक रजिस्ट्री हुई उस पर विभाग एवं शासन क्या कार्यवाही कर रहा है? शासन द्वारा स्टाम्प ड्यूटी माफ हो, इन पीड़ित पक्षों की इस हेतु क्यों कोई पहल नहीं की जा रही है? दोषी व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस में आपराधिक प्रकरण दर्ज क्यों नहीं किया जा रहा है? द्विवेदी ने सवाल उठाया कि, क्या नगर निगम की संपत्तिकर रसीद एवं नामान्तरण दाखले से स्वत्व प्रमाणित होता है? क्या स्वत्व का प्रमाण है तो फिर नगर निगम विधान खत्म हो तथा सम्पत्तिकर रसीद एवं दाखले पर जो नगर निगम विधान की धारा 167 का उल्लेख होता है, जिसमें यह बताया जाता है कि स्वत्व प्रमाण नहीं है। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि कॉलोनी अवैध है तो फिर कार्यवाही क्यूँ नहीं? अवैध कॉलोनीयों में निर्माण कैसे, अवैध कॉलोनीयों कैसे बसी? 1999 से भाजपा परिषद, 2003 से भाजपा सरकार सवाल कितने कॉलोनाइजरों के खिलाफ कार्यवाही हुई? सबसे अहम सवाल रजिस्ट्री से आय होती है नगर निगम को 3 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी आय मिलती है तो म.प्र. सरकार को स्टाम्प ड्यूटी, पंजीयन शुल्क, उपकर एवं पंचायत कर भी, तो क्या सब एक अधिकारी के तुगलकी फरमान से रोका जाए? सरकार गाईड लाईन हर वर्ष राजस्व वृद्धि खातिर बढाती है, स्टाम्प ड्यूटी भी बढाई गई तर्क था विकास कार्य खातिर धन मिलेगा तो क्या रजिस्ट्री रोकने से धन मिलेगा। गौरतलब रहे कि, फर्जी नामांतरण घोटाला प्रमोद द्विवेदी द्वारा ही उजागर किया गया था।

# जीतू यादव को विजेता की तरह ले गए थे भाजपा कार्यालय

## गले में मिला अध्यक्ष की तरफ से भाजपा का दुपट्टा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** भोपाल से जीतू यादव को भाजपा संगठन ने भाजपा में प्रवेश की हरी झंडी दी और इधर, श्रेय भी विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ले रहे हैं। कल जहां उज्जैन जाकर इस तिकड़ी के साथ जीतू यादव भी पहुंचे थे। वहीं कल भाजपा कार्यालय में भी रमेश मेंदोला और गोलू शुक्ला पहुंचे थे और साथ में जीतू यादव भी थे। विजेता की तरह मुस्कान लिए मेंदोला शुक्ला के साथ पहुंचे जीतू यादव का भाजपा कार्यालय में स्वागत सुमित मिश्रा ने भाजपा का दुपट्टा पहनाकर किया और फिर बंद कमरे में चारों भाजपा नेताओं की चर्चा हुई। अगली रणनीति भी बनी। अब इन चारों की रणनीति एमआईसी सदस्य के पद पर और विभाग पर बनी हुई है।

# आप का गड्ढे भरो, जान बचाओ आंदोलन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**

इंदौर शहर की बदहाल सड़कों और जगह-जगह बने जानलेवा गड्ढों को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा 'गड्ढे भरो, जान बचाओ आंदोलन' चलाया जा रहा है। बारिश के दौरान शहर की सड़कों पर गड्ढों की समस्या और गंभीर हो गई है। गड्ढों में पानी भर जाने के कारण वाहन चालकों को उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लगता और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। इसके बावजूद कई स्थानों पर मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। निगम के पास आधुनिक तकनीक की मशीन भी है उसके बावजूद भी निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे है। आम आदमी पाटी पदाधिकारियों का कहना है कि अगर गड्ढे के कारण वाहन दुर्घटना होती है और किसी की मृत्यु होती है तो निगम की ओर से 10 लाख रुपये का मुआवजा परिजनों को दिया जाना चाहिए। जहां-जहां गड्ढे हुए वहां गड्ढे की जांच भी कराई जाना चाहिए। गड्ढों के कारण दुर्घटना नहीं होना चाहिए,गड्ढों के कारण किसी दुर्घटना या जनहानि का इंतजार नहीं किया जा सकता। इसी मांग को लेकर आज 20 अगस्त को आम आदमी पार्टी राजवाड़ा से नगर निगम मुख्यालय तक पदयात्रा निकालेगी और नगर निगम आयुक्त से शहर के गड्ढों को युद्धस्तर पर भरने का आह्वान करेगी। साथ ही गड्ढों के कारण हुई मौतों के मामलों में 10 लाख मुआवजा, जिम्मेदार अधिकारियों एवं ठेकेदारों की जवाबदेही तय करने और लापरवाही पर कार्रवाई की मांग रखी गई है।

# क्लॉथ मार्केट ट्रस्ट पदाधिकारियों का सम्मान

**इंदौर।** क्लाथ मार्केट शैक्षणिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट की एसोसिएशन हाल में ट्रस्ट अध्यक्ष गिरधरगोपाल नागर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में पदाधिकारियों का चयन 13 में से 10 ट्रस्टियों ने किया।सर्वानुमति से ट्रस्ट अध्यक्ष-सत्यनारायण सारडा, ट्रस्ट मन्त्री-रजनीश चौरडिया, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष-नंदकिशोर नीमा का चयन हुआ। इन सभी को बधाइयां भी मिली और सम्मान भी हुआ। एसोसिएशन के मंत्री कैलाश मूंगड़ ने भी बधाई दी है।





# भाजपा नेता ने किया युवाओं के साथ अभिषेक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट सागर कसेरा के नेतृत्व में सैकड़ों युवा साथियों ने श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ का विधि-विधानपूर्वक रुद्राभिषेक किया। भाजपा राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक का दायित्व प्राप्त करने पर आशीष अग्रवाल के अच्छे कार्यकाल को लेकर भी भगवान से मंगल कामना की गई।

# भाजपा का दोहरा चरित्र फिर उजागर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास' और 'समरसता सम्मेलन' का झूठा स्वांग रचकर सामाजिक समरसता का ढोंग करती है, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। पूर्व एमआईसी सदस्य एवं पार्षद जीतू यादव (जाटव) को भाजपा ने निष्कासित किया था। दोषमुक्त होने के बाद उनका निष्कासन समाप्त कर उन्हें पुनः भाजपा में शामिल तो कर लिया गया, लेकिन मेयर-इन-काउंसिल में स्थान नहीं दिया गया। सवाल यह है कि जब व्यक्ति दोषमुक्त होकर पार्टी में वापस आ सकता है, तो फिर उसे जिम्मेदारी देने में भेदभाव क्यों? समरसता सम्मेलन मंचों पर, भेदभाव सत्ता में—यही भाजपा का असली चरित्र है! भाजपा के 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे की सच्चाई अब जनता के सामने है। दलित समाज के जनप्रतिनिधि को सम्मान और बराबरी का अधिकार देने में भाजपा का रवैया उसके दलित विरोधी चेहरे को पूरी तरह उजागर करता है। उक्त पूर्ण आरोप के साथ जानकारी प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने दी।

# श्री खजराना गणेश मंदिर में 10 दिवसीय उत्सव होगा

## स्वर्ण आभूषण से होगा बप्पा का श्रंगार, ज्वेलरी की सुरक्षा भी रहेगी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

खजराना गणेश मंदिर में 14 सितम्बर से 10 दिवसीय गणेश उत्सव का आयोजन होगा। तैयारियों को लेकर कलेक्टर शिवम वर्मा ने मंदिर पहुंचकर उत्सव की जानकारी ली। दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, स्वच्छता, विद्युत एवं पुष्प सजावट, प्रसाद वितरण, धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम और भगवान श्री गणेश के विशेष श्रृंगार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की कार्ययोजना पर चर्चा कर कलेक्टर वर्मा ने अंतिम रूप दिया। रोजाना गणेशजी को अलग-अलग तरह के लड्डुओं के भोग लगाए जाएंगे। धार्मिक थीम पर श्रृंगार, लाइटिंग होंगे। श्रद्धालु दस दिनों तक सिद्धि विनायक अस्पताल से प्रवेश करेंगे। कालका माता गेट से निकासी रहेगी। यातायात भी एकांगी मार्ग रहेगा। श्रद्धालुओं को सिद्धि विनायक अस्पताल से गणेशपुरी मार्ग



**रोजाना लगेगा लड्डूओं का भोग**

होते हुए मंदिर परिसर में प्रवेश कराया जाएगा। मंदिर के अंदर झिग-झैग एवं स्टेपिंग व्यवस्था से श्रद्धालु भगवान श्री गणेश के दर्शन करेंगे तथा कालका माता मंदिर गेट से निकासी कर खजराना चौराहे की ओर भेजा जाएगा। मुख्य मंदिर प्रांगण, भगवान श्री गणेश के गर्भगृह, सभा मंडप एवं मूषक स्थल की फूलों से विशेष सजावट की जाएगी। वीआईपी पार्किंग से शनि पट्टी तक आकर्षक कॉरिडोर तथा सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। इन दस दिनों में स्वर्ण आभूषणों से भगवान श्री गणेश का विशेष श्रृंगार होगा। इसके लिए जिला कोषालय से स्वर्ण आभूषण प्राप्त करने और वापस जमा कराने की व्यवस्था अधिकृत अधिकारियों के माध्यम से की जाएगी। स्वर्ण आभूषणों की सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस बल एवं रिजर्व पुलिस बल की तैनाती रहेगी। भगवान श्री गणेश को सवा लाख मोदक का भोग लगाया जाएगा। यह जनसहयोग से किया जाएगा। भक्तों को मोदक प्रसाद वितरण के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। धार्मिक, सांस्कृतिक एवं निःशुल्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नवदर्गा उत्सव को लेकर भी चर्चा की गई। कुल मिलाकर नाम के मुताबिक ही दस दिवसीय आयोजन भव्य रूप में किया जाएगा।

# खजराना गणेश मंदिर में सरकारी दुकान पर हो गए लड्डू खत्म

## रीवा-सतना के भक्तों क्री ज्यादा संख्या आने से बनी यह स्थिति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**लाखों नागरिकों की श्रद्धा का केंद्र खजराना के गणेश मंदिर में कल रात को गणेश जी के प्रसाद के लड्डू की सरकारी दुकान पर लड्डू खत्म हो गए। यह स्थिति रीवा-सतना के भक्तों की बड़ी संख्या में मंदिर पर पहुंचने के कारण बनी थी।**

कल बुधवार का दिन था और इस दिन को गणेश जी के दिन के रूप में माना जाता है। इस दिन खजराना के गणेश मंदिर पर बड़ी संख्या में भक्त अपने आराध्य के दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। भक्तों के द्वारा मंदिर परिसर में और मंदिर के बाहर लगी हुई दुकानों से लड्डू का प्रसाद लेकर भगवान को चढ़ाया जाता है। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा अच्छी गुणवत्ता वाले बेसन के लड्डू बनवाए जाते हैं। यह लड्डू मंदिर परिसर में ही तीन अलग-अलग स्थान पर बनी हुई मंदिर प्रबंध समिति की दुकान से भक्तों को बेचे जाते हैं। इस लड्डू की कीमत 360 रुपए प्रति किलो निर्धारित की गई है। इस कीमत को चुकाकर कोई भी भक्त अपनी इच्छा के अनुसार लड्डू की खरीदी कर सकता है।

कल खजराना गणेश मंदिर में बप्पा के दर्शन के लिए रीवा और सतना के भक्त बड़ी संख्या में पहुंचे थे। इन भक्तों द्वारा दर्शन करने के बाद सरकारी लड्डू की दुकान से कई किलो लड्डू खरीदे गए। इसका परिणाम यह हुआ कि कल रात को इन तीनों सरकारी दुकान पर लड्डू प्रसाद नहीं था। इनमें से दो दुकान तो समय के साथ बंद हो गई थी। एक दुकान चालू थी तो वहां पर लड्डू बिल्कुल भी उपलब्ध नहीं थे। हर बुधवार को खजराना गणेश मंदिर में जाकर बप्पा की प्रसादी के लड्डू इन सरकारी दुकान से खरीदने वाले भक्तों को निराशा का सामना करना पड़ा।

## एक वार्ड में बनाई जाएगी 55 लाख की पांच आंगनवाड़ी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नगर निगम द्वारा एक ही वार्ड में 55 लाख रुपए की लागत से पांच आंगनबाड़ी भवन बनाए जाएंगे। इस बारे में तैयार किए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। अब इस काम को करने की दिशा में पहल शुरू हो गई है।**

नगर निगम जोनल कार्यालय क्रमांक 22 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 35 में आंगनबाड़ी के पांच भवन एक साथ बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस प्रस्ताव के अनुसार लसूडिया मोरी, न्यू लसूडिया मोरी पंचवटी काकड़, भानगढ़ काकड और संत रविदास नगर में यह भवन बनाए जाएंगे। इनमें से हर भवन की लागत 11 लाख रुपए अनुमानित की गई है। इन भवन का निर्माण कर आंगनवाड़ी में पढ़ने के लिए जाने वाले बच्चों के लिए सुविधायुक्त स्थान बनाने की तैयारी की जा रही है। इस स्थान का निर्माण कर देने से बच्चों को नई सुविधा भी मिल सकेगी। इन सभी आंगनबाड़ी भवन का निर्माण आधुनिक भवन के रूप में किया जाएगा। इन भवन को सर्व सुविधायुक्त भवन के रूप में तैयार करने की योजना बनाई गई है। इस योजना को आकार देने के लिए ठेकेदार के चयन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

# सड़कों का पैच वर्क करने के लिए निगम को नहीं मिल रहे हैं ठेकेदार

## 2 करोड़ के काम को करने के लिए जारी करेंगे दूसरी बार टेंडर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**खस्ता हाल हो चुकी इंदौर की सड़कों का पैच वर्क करने के लिए इंदौर नगर निगम को ठेकेदार नहीं मिल रहे हैं। निगम के द्वारा इस कार्य को 2 करोड़ रुपए खर्च कर करवाना प्रस्तावित किया गया है। ठेकेदार नहीं मिलने के कारण अब इस काम के लिए दूसरी बार टेंडर जारी किया जाएगा।**

इंदौर नगर निगम की खराब वित्तीय हालात के कारण निगम के द्वारा विकास कार्यों के लिए जारी किए जाने वाले टेंडर में ठेकेदार भाग नहीं लेते हैं। इसके पीछे कारण यह है कि ठेकेदारों को यह मालूम है कि काम तो हम अभी कर देंगे लेकिन इस काम का पैसा कब मिलेगा यह निश्चित नहीं है। निगम के द्वारा ठेकेदारों को उनके काम के पैसे का भुगतान कई सालों तक नहीं किया जाता है। यही कारण है कि अब ठेकेदारों के द्वारा नगर निगम के अलग-अलग प्रोजेक्ट के काम को करने में रुचि नहीं ली जा रही है। नगर निगम के द्वारा पिछले दिनों 2 करोड रुपए की लागत से इंदौर की सड़कों का पैच वर्क करने का टेंडर जारी किया गया था। इस टेंडर में एक भी ठेकेदार ने भाग नहीं लिया। किसी के द्वारा टेंडर नहीं भरा गया। अब बारिश का मौसम तो वैसे भी समापन की तरफ बढ़ना शुरू हो गया है। इस समय जब बारिश का मौसम अपने पिक पर होना चाहिए उस समय पर इंदौर शहर पानी के लिए तरसता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में नगर निगम जब चाहे तब पैच वर्क का काम करवा सकता है। इस काम को करवाने में मौसम कहीं भी आडे नहीं आ रहा है।

अब इस काम के लिए ठेकेदार नहीं मिलने के कारण नगर निगम के अधिकारी बेचैन है। इस स्थिति में निगम के अधिकारियों की कल एक अनौपचारिक बैठक हुई। इस बैठक में उन्होंने अब शहर की सड़कों का पैच वर्क का काम किस तरह से कराया जाए इस बारे में विचार विमर्श किया। विचार के बाद अधिकारियों के द्वारा यह फैसला लिया गया कि इस काम के लिए फिर से टेंडर जारी कर दिया जाए। अब यह टेंडर एक-दो दिन में ही जारी करने की तैयारी की जा रही है।

## पीओपी एवं रासायनिक पदार्थो से मूर्ति निर्माण पर प्रतिबंध

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** कलेक्टर शिवम वर्मा ने इंदौर शहर और जिले में पीओपी और रासायनिक पदार्थों से बनने वाली मूर्ति निर्माण पर प्रतिबंध के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि भगवान गणेशजी और माताजी की मूर्तियों का निर्माण होना है और गणेशजी के निर्माण का कार्य तो आगे बढ़ चुका है।

## बड़ेगांव में अच्छी बरसात के लिए कलश यात्रा



**इंदौर।** देपालपुर के ग्राम नांद्रा की महिलाओं ने पारंपरिक कलश यात्रा निकालकर अच्छी वर्षा और प्रदेश व देश में सुख-समृद्धि की मनोकामना की महिलाओं ने सिर पर कलश रख कर डाल धमाके की धुन पर गांव से निकाल कर देपालपुर स्थित श्री 24 अवतार मंदिर तक पहुंची। वहां जल अभिषेक कर पूजा अर्चना की। देपालपुर के स्थित बस स्टैंड पर अखिल भारतीय बलाई समाज के युवा नेता बनेसिंह सोलंकी ने भव्य स्वागत किया।

## हेरिटेज ट्रेन के लिए रेलवे का भ्रामक बयान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वरिष्ठ भाजपा नेता और पश्चिम रेलवे सलाहकार समिति मुंबई के पूर्व सदस्य जगमोहन वर्मा ने रतलाम रेल मंडल के रेल प्रशासन के भ्रामक कथन, भ्रामक बयानों से हेरिटेज ट्रेन के नहीं चलने से सैलानियों को लाभ नहीं मिल रहा है, तथा रेलवे की आय पर ब्रेक लग रहा है। वर्मा ने बताया कि रतलाम रेल मंडल के रेलवे के अधिकारीगण हेरिटेज ट्रेन के पुनः चलाने की बार-बार तारीखों की घोषणा करते रहे हैं कि जुलाई में और 20 अगस्त को संचालित की जाएगी। यह अधिकृत घोषणा थोथी साबित हुई है जिससे सैलानियों को आघात तो हो रहा है वही रेलवे की आय में भी रुकावट आ रही है।

## ऐसा हो जाएगा खजराना गणेशजी का गर्भगृह



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** खजराना गणेश मंदिर में गर्भ गृह का स्वरूप कुछ ऐसा दिखाई देने लगेगा। यह तस्वीर हमें निर्माण कार्य में लगी एजेंसी द्वारा मुहैया कराई गई है। हालांकि मंदिर में मुख्य द्वार चौड़ा होने और गर्भगृह में जीर्णोद्धार होने से काफी भव्य दिखाई देने लगेगा। लेकिन सवाल यह भी है कि इस जीर्णोद्धार से कहीं मंदिर का मूल स्वरूप ही गायब न हो जाए। वहीं दूसरी ओर यह भी कहा जा रहा है कि यह प्राचीनतम मंदिर है और प्रतिमा स्वयंभू है इसलिए नए निर्माण कार्यों में वास्तु का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए।

**3 घंटे तक चलेगा ई आक्शन ऑनलाइन बैठ कर बोली लगा सकेंगे टेंडर भरने वाले**

# पहली बार ई-ऑक्शन से प्राधिकरण प्लाट बेचेगा सुपर कॉरिडोर के 25 प्लाट बेचने के लिए निकाले

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा पहली बार ई आक्शन के माध्यम से प्लांट विक्रय करने का कार्य किया जाएगा। सुपर कॉरिडोर के 25 प्लांट बेचने के लिए टेंडर निकल गए हैं। टेंडर भरने वाले लोग ऑनलाइन बैठकर बोली लगा सकेंगे। हर प्लांट के लिए 3 घंटे तक ई आक्शन चलेगा।**

अब तक प्राधिकरण के माध्यम से प्लांट का विक्रय एक निश्चित व्यवस्था के अनुसार किया जाता था। इस व्यवस्था में प्राधिकरण के द्वारा टेंडर जारी किया जाता था फिर जो लोग यह प्लाट लेने में इच्छुक होते थे उन लोगों के द्वारा टेंडर भर दिया जाता था। इस टेंडर के साथ जरूरी दस्तावेज भी लगा दिए जाते थे। प्राधिकरण के द्वारा एक निश्चित तिथि, निश्चित समय पर यह टेंडर खोला जाता था। टेंडर में भाग लेने वाले लोगों के द्वारा प्लाट खरीदने के लिए अपनी ओर से ऑफर रेट दिया जाता था। हर टेंडर में हर प्लॉट के लिए प्राधिकरण के द्वारा न्यूनतम कीमत प्रति स्क्वायर फीट की रखी जाती थी। टेंडर में जो व्यक्ति सबसे ज्यादा राशि का ऑफर रेट देता था उसके रेट पर प्राधिकरण की निविदा समिति के द्वारा विचार किया जाता था। इसके पश्चात प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक में इस टेंडर पर फैसला लिया जाता था। इस निश्चित प्रक्रिया से अलग हटकर अब प्राधिकरण के द्वारा टेंडर कम आक्शन की नई प्रक्रिया को अपनाया गया है। इस नई प्रक्रिया के अनुसार पहली बार प्राधिकरण के द्वारा प्लांट का विक्रय करने के लिए टेंडर जारी किया गया है। इस बार प्राधिकरण सुपर कॉरिडोर के विभिन्न सेक्टर में स्थित 25 प्लांट का विक्रय इस निश्चित की गई नई प्रक्रिया से करने जा रहा है। यह सभी प्लाट स्वामी अधिकार यानी कि फ्री होल्ड पर रखे गए हैं।

प्राधिकरण के द्वारा यह ऐलान किया गया है कि आज 20 अगस्त से यह प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इसमें 11 सितंबर तक निविदा प्रस्तुत की जा सकेगी। इस निविदा की तकनीकी निविदा 15 सितंबर को खोली जाएगी इसके पश्चात 28 सितंबर को प्रारंभिक वित्तीय निविदा खोली जाएगी। इसके बाद 5 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक अलग-अलग दिन अलग-अलग प्लाट का ई ऑक्शन होगा। इसमें हर दिन 5 प्लाट को ई-ऑक्शन के लिए रखा गया है। इसमें हर दिन सुबह 11:30 बजे से ई ऑक्शन शुरू होगा जो कि ढाई बजे तक चलेगा। प्राधिकरण के द्वारा इस तरह पहली बार इस नई प्रक्रिया को अपनाकर 25 प्लाट का विक्रय करने की पहल की गई है। इस प्रक्रिया में कायदा यह होगा कि टेंडर भरने वाला व्यक्ति जब टेंडर खुलने के बाद यह पाएगा कि उसके द्वारा दिया गया ऑफर रेट कम है और दूसरे लोगों के द्वारा उससे ज्यादा ऑफर रेट दिया गया है तो ई ऑक्शन में इस व्यक्ति के द्वारा अपने ऑफर रेट को बढ़ाया जा सकेगा। ई आक्शन में संबंधित प्लाट के लिए टेंडर भरने वाले लोगों के बीच में खुली प्रतिस्पर्धा होगी। इस प्रतिस्पर्धा का फायदा प्राधिकरण को यह होगा कि उसे प्लाट की ज्यादा से ज्यादा कीमत मिल सकेगी।

# निपानिया डाकघर में लग रही है कतार

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

रक्षाबंधन का पर्व समीप है। निपानिया डाक घर पर रहवासी राखी भेजने के लिए यहां पहुंच रहे है तो यहां लम्बी कतार लगी हुई दिख रही है। रहवासियों का कहना रहा कि यहां जगह और कर्मचारियों कमी है। यहां बिजली गुल रहने की बात भी कर्मचारियों ने बताई। डाक घर के माध्यम से राखी, पार्सल बहनें भेज रही है, कुछ बहनों का कहना रहा कि निपानिया डाकघर के बाहर तक कतार दिख रही है। कई लोगों का दो घंटे में नम्बर आ रहा है। लोगों का कहना रहा कि डाकघर में जनरेटर और इनवेटर की सुविधा होना



चाहिए जिससे जरूरी जगह पर लाईट रहे और काम किया जा सके। के.के. झा ने कहा कि निपानिया क्षेत्र में कई कालोनियां आवासीय है, कई हाईराइज अपार्टमेंट, मॉल, अस्पताल, स्कूल और अन्य संस्थान विकसित हो चुके हैं। उन्होंने कहा, 'निपानिया की आबादी और गतिविधियां जिस तेजी से बढ़ रही हैं, उसके अनुरूप यहां डाक सेवाओं का भी विस्तार होना चाहिए। वर्तमान डाकघर का परिसर और उपलब्ध स्टाफ क्षेत्र की जरूरतों के लिए पर्याप्त नहीं है। बड़े परिसर में पर्याप्त स्टाफ वाला पूर्ण डाकघर और बेहतर तकनीकी व्यवस्था उपलब्ध कराने की जरूरत है, ताकि लोगों को सामान्य डाक सेवाओं के लिए घंटों कतार में खड़ा न रहना पड़े।'

# किराया बढ़ा तो दिया ज्ञापन

**किराया कम किया जाए और बस उपभोक्ताओं को बैठक में शामिल किया जाए**



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने बढा हुआ बस किराया वापस लेने और बस किराया मूल्य वृद्धि के मुद्दे पर उपभोक्ताओं और बस संचालकों और अधिकारियों के साथ बैठक की मांग को लेकर ज्ञापन आरटीओ प्रदीप शर्मा को सौंपा। यह भी कहा गया कि बढ़ोत्री जरूरत से ज्यादा हुई है जो असहनीय है और मनमाने ढंग से बढाई गई है। बहादुरसिंह राजपूत, डीजी मिश्र, देवेंद्रसिंह सिसोदिया, डॉ. विजय श्रीवास्तव, विनोद ठाकुर, अजय रघुवंशी, मनोज पंवार ज्ञापन देने में मौजूद थे।


**ida इंदौर विकास प्राधिकरण**

विज्ञप्ति क्रमांक : 129
दिनांक : 17-08-2026

इंदौर विकास प्राधिकारी की योजना क्र. 151 में सुपर कारिडोर उपयोग के भूखण्डो को भू-स्वामी अधिकार पर न्यूनतम दर के बराबर या अधिक दर पर व्ययन करने हेतु बोली सह आक्शन (Tender cum Auction) के माध्यम से ऑनलाईन Online निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-



| अ. क्र. | ई-टेण्डर पोर्टल क्रमांक | भूखण्ड क्रमांक | आरक्षित श्रेणी | क्षेत्रफल (व.मी.) | न्यूनतम दर (प्रति व.मी.) | अर्नेस्ट मनी (EMD 5%) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_DTCP_530104_1 | 36-सी | सामान्य | 8220.00 | 84000.00 | 3,45,24,000.00 |
| 2 | | 35-सी | सामान्य | 9960.67 | 84000.00 | 4,18,34,814.00 |
| 3 | | 2-डी | सामान्य | 11249.00 | 84000.00 | 4,72,45,800.00 |
| 4 | | 70-डी | सामान्य | 10975.18 | 84000.00 | 4,60,95,756.00 |
| 5 | | 1-डी | सामान्य | 16853.98 | 84000.00 | 7,07,86,716.00 |
| 6 | | 3-डी | सामान्य | 12637.00 | 84000.00 | 5,30,75,400.00 |
| 7 | | 37-सी | सामान्य | 8654.00 | 84000.00 | 3,63,46,800.00 |
| 8 | | 34-ए-सी | सामान्य | 9897.71 | 84000.00 | 4,15,70,382.00 |
| 9 | | 32-डी | सामान्य | 1622.00 | 84000.00 | 68,12,400.00 |
| 10 | | 15-सी | सामान्य | 11491.00 | 84000.00 | 4,82,62,200.00 |
| 11 | | 16-सी | सामान्य | 15338.00 | 84000.00 | 6,44,19,600.00 |
| 12 | | 17-सी | सामान्य | 11074.00 | 84000.00 | 4,65,10,800.00 |
| 13 | | 10-डी | सामान्य | 7100.00 | 84000.00 | 2,98,20,000.00 |
| 14 | | 53-बी | अ.ज.जा. | 1524.32 | 84000.00 | 64,02,144.00 |
| 15 | | 20-बी | अ.जा. | 2571.41 | 84000.00 | 1,07,99,922.00 |
| 16 | | 74-बी | सामान्य | 12172.86 | 84000.00 | 5,11,26,012.00 |
| 17 | | 47-बी | सामान्य | 4226.64 | 84000.00 | 1,77,51,888.00 |
| 18 | | 29-डी | अ.जा. | 1666.00 | 84000.00 | 6,99,72,00.00 |
| 19 | | 36-डी | अ.पि.व. | 1698.00 | 84000.00 | 71,31,600.00 |
| 20 | | 40-ए.डी | सामान्य | 2489.00 | 84000.00 | 1,04,53,800.00 |
| 21 | | 40-डी | अ.ज.जा. | 2780.00 | 84000.00 | 1,16,76,000.00 |
| 22 | | 10-सी | सामान्य | 3284.00 | 84000.00 | 1,37,92,800.00 |
| 23 | | 11-सी | सामान्य | 3591.00 | 84000.00 | 1,50,82,200.00 |
| 24 | | 91-डी | सामान्य | 4158.00 | 84000.00 | 1,74,63,600.00 |
| 25 | | 92-डी | सामान्य | 5406.00 | 84000.00 | 2,27,05,200.00 |

**ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने संबंधी महत्वपूर्ण दिनांक**

| अ.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रारम्भ | 20.08.2026 | 11:30 hrs |
| 2 | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.09.2026 | 18:00 hrs |
| 3 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 15.09.2026 | 11:30 hrs |
| 4 | प्रारम्भिक वितीय निविदा खोलने की प्रस्तावित तिथि | 28.09.2026 | 11:30 hrs |
| 5 | पात्र निविदादाताओ हेतु ई-नीलामी (Live e-Auction) प्रारम्भ होने की तिथि एव समय एव ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि एवं समय | | |
| | अ. क्र. 01 से 05 तक | • 05.10.2026 | 11:30 hrs. to 14:30 hrs. |
| | अ. क्र. 06 से 10 तक | • 06.10.2026 | |
| | अ. क्र. 11 से 15 तक | • 07.10.2026 | |
| | अ. क्र. 16 से 20 तक | • 08.10.2026 | |
| | अ. क्र. 21 से 25 तक | • 09.10.2026 | |

नोट:-

- निविदा ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति से पोर्टल https:/www.mptenders.gov.in पर देखी एवं ऑनलाईन क्रय की जा सकती है। ई-टेण्डर हेल्प डेस्क का टोल फ्री नंबर 01204001002 है।
- संपत्तियो का व्ययन निविदा सह आक्शन पद्धती से किया जाएगा। इसकी प्रक्रिया mptender पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार की जावेगी ।
- निविदा में भाग लेने हेतु निविदा प्रस्तुतकर्ता अर्नेस्टमनी (प्रतिभूति) राशि का भुगतान ऑनलाईन स्वयं के खाते से क्रेडिट कार्ड/ डेबिटकार्ड / नेट बैंकिंग / आरटीजीएस के माध्यम से कर सकेगा।
- निविदादाता को अपने निविदा ऑफर (दर) ऑनलाईन देना होगी। सभी डाक्यूमेंटस निविदा प्रपत्र मे दिए गए निर्देशानुसार स्व हस्ताक्षरित ऑनलाईन अपलोड करना होगें।
- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन इंदौर विकास प्राधिकरण तथा mptender पर ही प्रदर्शित किया जायेगा, जिसे पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशित नही किया जावेगा।
- सम्पत्ति की प्रीमियम भुगतान हेतु आवश्यक निर्देश निविदा प्रपत्र अनुसार होंगे ।
- प्राधिकरण को किसी भी स्तर पर निविदा स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मुख्य कार्यपालिक अधिकारी
इंदौर विकास प्राधिकारी,इन्दौर

अधिक जानकारी के लिए कार्यलयीन समय में श्री विवेक वाडिया 98936-99148, श्री आशुतोष माहेश्वरी 62677-19912, श्री भुनेश्वर पटेल 98936-99153 से संपर्क करें, अथवा प्राधिकारी की वेबसाईट www.idaindore.org पर देखे।



## 151 दम्पति ने किया पार्थिव शिवलिंग निर्माण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था साक्षी समाज सेवा संस्थान द्वारा राजवाड़ा स्थित मल्हारी मार्तंड मंदिर में सावन मास के अवसर पर भगवान शिव का अभिषेक 151 जोड़ों व अन्य सदस्यो द्वारा वेद मंत्रों के बीच किया। खासतौर से मातृशक्तियों ने शिवलिंग निर्माण में भूमिका निभाई। भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। सीमा सेन, सरिता गोपाल अग्रवाल, आशाराम अग्रवाल, राजेन्द्र सोनी, वीनय जैन, रामचंद्र दुबे, द्वारकेश दुबे, मोनीका दुबे, मंजू श्रीवास्तव, चंद्रकुमार चौहान, रीता राठी, रीमा दुबे, संगीता बंगेरा, ज्योति शर्मा, सपना शर्मा, अमीता सींग, सुमित्रा अरोरा, क्रष्णा कराडा, सरस्वती शर्मा, लीलाधर वारकर मौजूद थे।



## 500 से ज्यादा फोटोग्राफ्स से दर्शक हुए परिचित

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** फोटोग्राफर्स ऑफ इंडिया इंदौर और इंदौर प्रेस क्लब द्वारा वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर इंदौर प्रेस क्लब में विशेष स्लाइड शो का आयोजन किया गया। 40 से अधिक फोटोग्राफर्स के 500 से अधिक चित्र प्रदर्शित किए गए। दर्शकों ने इन चित्रों को देखा और सराहा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, अरविन्द तिवारी, राजेश उदावत, दीप्ति हाडा, डॉ. शिखा घनघोरिया,पद्मश्री भालू मोंढे, हेमशंकर पाठक, अखिल हार्डिया, महेंद्र राठौर, तनवीर फारुखी और प्रवीण रावत, मुकेश तिवारी, प्रदीप जोशी, अभिषेक चेंढके, बलवंतसिंह चौहान, राजू पंवार,अभय तिवारी, श्याम कामले, विजय भट्ट, रामेश्वर गुप्ता, शिवाजी मोहिते, डॉ. एसएल गर्ग, हरेराम वाजपेयी, मुरली खंडेलवाल उपस्थित थे।

# मंसूरी समाज के मेधावियों का सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मंसूरी समाज 53 गोत्र एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 'मंसूरी समाज एजुकेशन अवॉर्ड एवं प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन में मंसूरी समाज के 10वीं, 12वीं, कॉलेज एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रतिभा रखने वाले 120 से अधिक विद्यार्थियों को एजुकेशन अवॉर्ड, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अतिथि दिलीप राजपाल थे। सोहराब पटेल, अमजद मंसूरी, अमजद खान, रफीक खान, शादाब पटेल, आयशा अली शामिल रहे। रिजवान खिलजी, एमएच



खुजनेरी, आमीन मंसूरी, वकील मंसूरी, सरफराज मंसूरी, जुबेर मंसूरी, जमील मंसूरी, मुबारिक मंसूरी, शकील मंसूरी, मेहबूब मंसूरी, राशिद मंसूरी, मुर्तजा मंसूरी, शब्बीर मंसूरी, अजीज मंसूरी, मुनीर मंसूरी, इम्तियाज मंसूरी, अब्दुल रऊफ मंसूरी, सलमान मंसूरी, अलताफ मंसूरी, रिजवान मंसूरी, तसद्दीक मंसूरी, मुगल मंसूरी, यूनुस राजा, फैजान मंसूरी, इम्तियाज मंसूरी, अफजल मंसूरी, इरफान मंसूरी, यासिन मंसूरी, इकबाल मंसूरी, अनवर मंसूरी, मंजूर मंसूरी, अशरफ मंसूरी, एमएच खुजनेरी, अब्दुल समीर मंसूरी ने कार्यक्रम में अपने दायित्व निभाए।



## कृष्ण भक्ति तीन दिन रहेगी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राठौर धर्मशाला अंतिम चौराहे पर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्वस पर तीन दिवसीय आयोजन 3 से 5 सितम्बर को गोर निताई नामहठ सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। पल्हर नगर से श्रद्धालु 3 सितम्बर की शाम कीर्तन करते हुए राठौर धर्मशाला पहुंचेंगे।

## सावन तीज महोत्सव में झूले, भजन और लोक नृत्य




### 100 से अधिक महिलाओं ने कराया नशामुक्ति का संकल्प

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सर्व ब्राह्मण युवा संगठन की महालक्ष्मी इकाई की महिला कार्यकारिणी द्वारा आयोजित सावन तीज महोत्सव भक्ति कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में झूलों का आनंद लिया।सामूहिक भजन-कीर्तन और सावन गीतों पर लोकनृत्य की प्रस्तुतियां दी। तम्बोला और अन्य प्रतियोगी गैम्स खेले गए। 100 से अधिक महिलाओं ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प कराया। दीपा-हेमंत शर्मा, अमित त्रिवेदी ने अपनी भूमिका निभाई।

## 'ब्राह्मण समाज और चुनौतियाँ' विषय पर गोष्ठी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** 'ब्राह्मण समाज और चुनौतियाँ' विषय पर गोष्ठी आयोजित की गई। विषय पर चर्चा भी हुई और उदबोधन भी दिए गए। भरत शर्मा, राधेश्याम शर्मा, बाबूलाल गौड, ओमप्रकाश दीक्षित ने उदबोधन दिए। एमएम सिरसिया,ओमप्रकाश दीक्षित, डालुका, डी जी मिश्रा, गौतम मारवाल, राजेंद्र दीक्षित, डॉ अजय व्यास, नरेंद्र कौशिक सहित अन्य भी मौजूद थे।



## भारतीय हिन्दू महासभा में सोनी और ओझा उपाध्यक्ष



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** इंदौर महानगर में अखिल भारत हिंदू महासभा में उपाध्यक्ष पद पर राहुल सोनी और नितेश ओझा की नियुक्ति की गई। कन्हैयालाल रैकवार ने नियुक्ति पत्र दिए। दोनों पदाधिकारियों का सम्मान भी किया गया।

## बड़े रणजीत हनुमान मंदिर में शिव महापुराण कथा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** समाजवाद नगर स्थित श्री बड़े रणजीत हनुमान मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा में तीसरे दिन व्यासपीठ पर विराजित संत गोपालराम महाराज ने भगवान श्री नारायण के सत्यनारायण होने की कथा का विस्तृत विवरण सुनाया। गोविंद राम जी महाराज ने भजनों की प्रस्तुति दी। कथा रोजाना दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।







## आयोग सदस्य सचिव ने किया पुनर्वास केन्द्र का लोकार्पण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सचिव डॉ. संजीव शर्मा ने भिक्षुक पुनर्वास केंद्र का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में आश्रित स्वजनों एवं बच्चों के लिए संचालित स्वास्थ्य सेवाओं, कौशल विकास कार्यक्रमों, मानसिक परामर्श और समग्र पुनर्वास प्रक्रिया को समझा।



## खंडेलवाल महिलाओं का आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खंडेलवाल स्मार्ट लेडीज सोशल ग्रुप ने सावन में कार्यक्रम आयोजित किया। नृत्य, रैम्प वॉक और भक्ति आयोजन भी हुए। ठाकुरजी का झूला सजाया गया। श्रेष्ठा गोयल, शीखा काबरा, सुनीता गुप्ता, शीला गुप्ता, रश्मि गुप्ता, निशा बटवाड़ा, सीमा खंडेलवाल, टीना शाहरा, मेघा खंडेलवाल, सविता खंडेलवाल, जया बनावड़ी सहित अन्य मौजूद थी।

# सरयूपारिण ब्राह्मण समाज ने मनाई तुलसीदास जयंती

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सरयूपारिण ब्राह्मण समाज ने गोस्वामी तुलसीदासजी की जयंती मनाई। सत्यनारायण सत्तन ने तुलसीदासजी द्वारा रचित रामचरित मानस की चौपाइयां भी सुनाई। डॉ. विनायक पाण्डे का तुलसी रत्न से सम्मान किया गया। संजय शुक्ला, अवधनारायण शुक्ला, अजय त्रिपाठी, अनूप शुक्ला, डॉ. राजीव शर्मा, श्यामली मिश्रा, शरद तिवारी, चन्द्रमोहन दुबे, निर्मल दुबे, शैलेन्द्र तिवारी, नरेन्द्र त्रिपाठी, सम्पदा मिश्रा, पूनम शुक्ला, रश्मि तिवारी, गौतम तिवारी, नितिन मिश्रा, प्रगति तिवारी, इंदू पांडे, गीता शुक्ला, संतोषी दुबे, डॉ. पंकज पाण्डे, सरिता दुबे मौजूद थे।



## सेवा शिविर में पहुंचे महामंडलेश्वर



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** वर्ल्ड हिन्दू फेडरेशन द्वारा खंडवा रोड पर स्थापित ओम महाकाल कावड़ सेवा शिविर में महामंडलेश्वर स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरि ने पहुंचकर कावड यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। संजय अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल, विजय शादीजा, गणपतसिंह गौड़, खेमराज बरोड़, पृथ्वी गोरे सहित अन्य मौजूद थे।



# महाराष्ट्र से आए 40 श्रद्धालुओं का स्वागत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महाराष्ट्र के मुंबई-कल्याण क्षेत्र से करीब 40 श्रद्धालुओं का जत्था बाबा ओंकारेश्वर और महाकाल के दर्शन के लिए इन्दौर पहुंचे तो जत्थे का स्वागत किया गया। जत्थे का नेतृत्व श्री बजरंग काशीनाथ म्हात्रे, ममता बजरंग म्हात्रे, एकनाथ विइले, प्रकाश महादेव म्हात्रे द्वारा किया जा रहा है। संजय अरोरा, सुनील यादव, समाजसेवी राकेश अरोरा, संत सिंह टक्कर, रंजीत सिंह त्रेहान एवं जसवंत सिंह टक्कर सहित अन्य स्वागत में मौजूद रहे।

## नशामुक्ति पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पुलिस के अभियान 'नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0' के अंतर्गत नशामुक्ति पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अभियान में अल-हिरा पब्लिक स्कूल, के



48 विद्यार्थियों ने भाग लिया और विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दीं। स्कूल की होनहार तीन छात्राएं सम्मानित हुईं। प्राचार्य याकूब मेमन एवं अध्यापकों ने छात्राओं की उपलब्धि पर बधाई दी।

## शोभायात्रा के बाद शिव पुराण कथा



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कृषि विहार उद्यान तिलक नगर में शोभा यात्रा शिव पुराण कथा के लिए निकाली गई। शोभा यात्रा के बाद कथा पिपलेश्वर महादेव मंदिर पर आचार्य शिवेन्द्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से शुरू हुई। कथा रोजाना 3 से शाम 6 बजे तक चलेगी। पार्षद राजेश उदावत, पिंटू नामदेव-नीता मिश्रा, छत्रपाल सोलंकी, संजय खादीवाला, विजय मिश्रा ने व्यासपीठ का पूजन किया।

# 'लक्ष्य मंथन योगासन प्रतियोगिता' का आयोजन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

योग, स्वास्थ्य संवर्धन एवं सामाजिक चेतना के व्यापक प्रसार के उद्देश्य से योग आयोग, मध्य प्रदेश शासन के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय 'लक्ष्य 'मंथन' योगासन प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन से जुड़ी विस्तृत कार्य योजना साझा करते हुए लक्ष्य पर्यावरण एवं वाटर सॉल्यूशन वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद नन्दवाल ने बताया कि



संस्था पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और सामाजिक जनजागरूकता के साथ-साथ स्वस्थ व तनावमुक्त जीवनशैली के निर्माण के लिए सतत प्रयासरत है। इसी कड़ी में प्रदेश की उभरती युवा प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करने तथा योगासन खेलों को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने के संकल्प के साथ इस व्यापक प्रतियोगिता की रूपरेखा तैयार की गई है। अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग चरण होंगे।



## खाद्य नियमों के साथ स्वच्छ भोजन की जानकारी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** प्रथम संस्था ईडीपी प्रोग्राम के तत्वावधान में स्वच्छता स्ट्रीट फूड वेंडर्स प्रोग्राम के अन्तर्गत आम लोगों को खाद्य नियमों की जानकारी के साथ शुद्ध, स्वच्छ भोजन सरकारी नियम की जानकारी दी जा रही है। इस क्रम में संस्था की सेंटर टीम ने इंदौर में स्ट्रीट फूड वेंडर्स की विजिट की गई। विजिट में रानी, योगिता, विश्वनाथ शर्मा, जतिन लश्करी,गोरक्ष सोनी शामिल हुए। विजिट के दौरान वेंडर्स ने अतिथियों का स्वागत किया।

## रामद्वारा प्रवचन में गोस्वामी तुलसीदासजी को याद किया



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** छत्रीबाग रामद्वारा में चौमासा में संत हर्षराम महाराज तालवाले के प्रवचन चल रहे हैं, कल महाकवि गोस्वामी तुलसीदासजी की जयंती पर भी प्रकाश डाला गया। महाकवि को याद कर उनकी चौपाई भी गायी गई। देवेन्द्र मुछाल, लक्ष्मीकुमार मुछाल, रामसहाय विजयवर्गीय, रामनिवास मोड, वासुदेव सोलंकी, सुरेश काकानी, भूरा पहलवान, हेमंत काकानी, प्रो. दिलीप जोशी, रामकृष्ण सेठिया, श्याम भूतड़ा, राजेंद्र असावा सहित अन्य मौजूद थे।

## जवरीबाग मंदिर में आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री पार्श्वनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक दिवस पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर जबरीबाग नसिया में जैन समाजजनों ने निवार्ण लाडूं चढ़ाए। बड़ी संख्या में जैन समाजजन मौजूद रहे।



## वरिष्ठ छाया चित्रकारों का सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



अंतर्राष्ट्रीय छायाचित्र दिवस के अवसर पर स्टेट प्रेस क्लब, मध्य प्रदेश द्वारा वरिष्ठ छाया चित्रकारों का सम्मान किया गया। हेमशंकर पाठक, गुरुदास दुआ, सुधीर सक्सेना, कैलाश मित्तल, एमके जैन, दिलीप लोकरे, ओ.पी. सोनी, अखिल हार्डिया, राजू पंवार, श्रीराम चौहान, बंसी लालवानी, आशु पटेल, पुष्कर सोनी, अनुराग बड़ोलिया, गोपाल वर्मा उपस्थित रहे। प्रवीण खारीवाल, रचना जौहरी,पंकज क्षीरसागर,अवनीश जैन, समीर खान, सुनील जैन ने वरिष्ठ छायाचित्रकारों का स्वागत किया।

## अनिरुद्ध शर्मा कोषाध्यक्ष बने



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अ.भा. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद में कोषाध्यक्ष पद पर अनिरुद्ध शर्मा की नियुक्ति की गई। इस नियुक्ति पर कई समाजजनों ने बधाई दी।

## दो वरिष्ठजनों ने लिया देहदान का संकल्प

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अपना विचार मंच के 69 वर्षीय वरिष्ठ सदस्य प्रवीणचंद जैन एवं 64 वर्षीय गौ भक्त विष्णुप्रसाद गुप्ता ने देहदान संकल्प फॉर्म भरकर समाज को सार्थक संदेश देहदान के लिए दिया। देवेन्द्र होलकर ने उक्त जानकारी दी।





## लाडू अर्पण और ब्रह्मचर्य पथ के साधकों की गोदभराई



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नेमीनगर जैन कॉलोनी में आचार्य सुनील सागर म.सा. के सानिध्य में शाश्वत भूमि सम्मेद शिखर की सुंदर कृत्रिम प्रतिकृति पर मोक्ष सप्तमी पर भगवान श्री पार्श्वनाथ के चरणों में 23 किलो का लाडू अर्पित किया गया। संघस्थ बाल ब्रह्मचारी सुयश भैयाजी एवं ब्रह्मचारिणी निर्मला दीदी की गोदभराई का मंगल आयोजन भी किया गया। इंद्र कुमार वीणा सेठी, अंकुर सुप्रिया सेठी, कैलाश लुहाडिया, गिरीश पाटोदी, नितिन झांझरी, संदीप गंगवाल ने अपनी भूमिका निभाई।

# केशरी वाटिका में 9 दिनों तक नवकार की आराधना होगी

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

केशरी वाटिका में विराजित आचार्य नित्यसेनसूरीश्वर म.सा. की निश्रा में आयोजित धर्मसभा में बुधवार को नवकार महामंत्र की महिमा, संस्कारों के महत्व, समय के सदुपयोग एवं आत्मपरिवर्तन पर प्रेरणादायी प्रवचन हुए। धर्मसभा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। गुरुदेव ने नवकार महामंत्र की विशेष आराधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आगामी नौ दिनों तक नवकार महामंत्र के 68 अक्षरों से संबंधित 68 तीर्थों की भावयात्रा कराई जाएगी। 'अडसठ अक्षर, एणा जाणो अडसठ तीरथ' के भाव के साथ प्रतिदिन नवकार के एक-एक पद पर चिंतन, मनन



एवं भावयात्रा होगी।धर्मसभा में चोला में बैठे 54 तपस्वियों का उपवास, गुरुराज द्विशताब्दी तप में 36 भाई-बहनों की आराधना तथा विभिन्न तपस्वियों की तपश्चर्या जारी रही। चंदनबाला जितेंद्र बडेरा के 31 उपवास, जयंतीलाल वेद के 22 उपवास, साध्वीवर्या बालसाध्वी राजर्षिलताश्रीजी के 21 उपवास एवं पूर्वी मुथा के 18 उपवास सहित विभिन्न तप के अभी तक 100 से ज्यादा तपस्वी की आराधनाएं चल रही हैं। राजेश जैन युवा, महेन्द्र बागवाला, नीरज सुराणा, धनराज संघवी, हिम्मत संघवी, महेशजी पीपाड़ा, हीरालाल बाफना, मुकेश नाकोडा ने अपनी भूमिका निभाई।

# इंदिरा एकता नगर में बगीचे के लिए सुरक्षा बाउंड्रीवाल तैयार

## अब हरियाली और सौंदर्यकरण के साथ सुविधाएं जुटाने की बारी

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा 5 में वार्ड क्रमांक 54 अंतर्गत इंदिरा एकता नगर क्षेत्र में रहवासियों की मांग पर सर्विस रोड के पास पिपलियाहाना रोड पर शिव मंदिर के पास आकर्षक बगीचे के लिए चारों ओर सुरक्षा बाउंड्री वॉल निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। वहीं अब इस नवीन बगीचे में क्षेत्र की जनता के लिए जन सहयोग से हरियाली अभियान के साथ सैकड़ों एक से बढ़कर एक फलदार और छायादार पेड़ - पौधे लगाकर बगीचा तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा सौंदर्यकरण और सजाने संवारने के कार्य भी किए जाएंगे। साथ ही इस नवीन बगीचे में आने वाले लोगों के लिए सुविधाएं भी जुटाई जाएगी।



### नवीन बगीचे में दूसरे चरण में जुटाएंगे जनसुविधाएं

जिसके अंतर्गत सुबह-शाम घूमने आने वालों के लिए आकर्षक ब्लॉक लगाकर लंबा-चौड़ा वाकिंग ट्रैक बनाया जाएगा ताकि लोग यहां घूम सकेंगे। इसके अलावा शानदार बैठक व्यवस्था के लिए रंगीन बेंचें भी लगाई जाएगी। गौरतलब है कि इसी साल मार्च-अप्रैल में भूमि पूजन के बाद विधायक महेंद्र हार्डिया और क्षेत्रीय पार्षद महेश बसवाल द्वारा क्षेत्र की जनता की मांग पर सर्व सुविधा युक्त बगीचा बनाने के लिए लगातार प्रयास कर ग्रीन बेल्ट की खाली जगह पर शिव मंदिर के पास आकर्षक बगीचे के लिए सर्वप्रथम सुरक्षा बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया। उसके ऊपर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए लोहे की जालियां भी लगाई गई। वहीं अब हरियाली के लिए यहां निगम और जन सहयोग से पेड़-पौधे लगाने का काम भी शुरू किया जा रहा है। साथ ही सुविधाओं में विस्तार कर बैठक व्यवस्था के लिए बेंचें लगाने और पाथवे निर्माण भी किया जाएगा। यही नहीं लाखों रुपए खर्चकर तैयार बगीचे में रोशनी के लिए लाइटिंग लगाने का प्रावधान भी रखा गया है। साथ ही विधायक महेंद्र हार्डिया के सहयोग से जिम के आधुनिक उपकरण लगाकर स्वास्थ्य सेहमंद रखने के लिए जिम के उपकरण लगाने की सुविधा भी देने की तैयारी है।



# विधानसभा पांच की दूसरी आदर्श रोड का सपना रह गया अधूरा

**दो साल पहले प्लानिंग के बाद भी नहीं शुरू हुआ काम**

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** पिपलियाहाना क्षेत्र में वर्ल्ड कप चौराहे से बायपास तक जाने वाले 2 किलोमीटर लंबे मुख्य मार्ग को शहर की दूसरी प्रमुख आदर्श रोड के रूप में विकसित किया जाना था। इस योजना के तहत सड़क के आधुनिकीकरण और ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने पर भी काम किया जाना था। सड़क परियोजना और सौंदर्यकरण के कार्य भी किए जाने थे। 2 करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से पिपलियाहाना क्षेत्र के चौराहे और स्कीम नं. 140 रोड पर सजाने-संवारने के भी कार्य किए जाने थे। लेकिन बजट की कमी के कारण आधे अधूरे काम ही हो पाए और पिपलियाहाना क्षेत्र की स्कीम 140 रोड को आदर्श बनाने का सपना अधूरा रह गया। पिपलियाहाना से बायपास की तरफ आने-जाने वाले वाहनों को ट्रैफिक जाम से राहत देने के लिए इस मार्ग को आदर्श रोड बनाया जाना प्रस्तावित था। जिसके तहत बेहतर सुविधाएं जिसमें सड़क के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण से इस क्षेत्र की आवाजाही सुरक्षित और व्यवस्थित की जानी थी, जो इतने समय बाद भी नहीं हो पाई इसको लेकर सवाल उठ रहे हैं।

# पंचशील की गलियों में कई दिनों से दर्जनों स्ट्रीट लाइट बंद



**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विधानसभा 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक चौपन में न्यू पंचशील कॉलोनी सहित मयूर नगर क्षेत्र की कई गलियों में लंबे समय से गली की स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है। लोगों का कहना है कि 24 घंटे जलने वाली पिछले कुछ दिनों से पूरी तरह से बंद है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों ने निगम अधिकारियों के साथ 311 एप पर भी शिकायत कर दी। वहीं हालत यह है कि इसके बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। लंबे समय से लापरवाही का अंधेरा छाया हुआ है रहवासियों कहना है कि कई दिनों से लाइटिंग बंद पड़ी है। कई बार शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। इसको लेकर निगम की कार्य शैली पर सवाल उठ रहे हैं लोगों की शिकायत पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण क्षेत्र की कई गलियों में अंधेरा पसर रहा है।

**निगम हेल्पलाइन 311 से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक शिकायत-** लोगों का कहना है कि निगम हेल्पलाइन 311 से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक शिकायत करने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। लंबे समय से स्ट्रीट लाइट बंद होने से पूरे क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ है, जिसको लेकर लोगों में नाराजगी है।

# इंदौर में पीडब्ल्यूडी की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल : कई बड़े प्रोजेक्ट हो रहे लेट

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** लोक निर्माण विभाग की कार्य शैली पर सवाल उठ रहे हैं। कई बड़े प्रोजेक्ट इंदौर शहर में लंबे समय से लेट लतीफी के शिकार हो रहे हैं। मुख्य रूप से पिपलियाहाना क्षेत्र में स्कीम 140 रोड पर लंबे समय से साल 2017 से बन रही कोर्ट बिल्डिंग का काम 9 साल बाद भी अधूरा है। हालात यह है कि काम की रफ्तार देख कर लगता नहीं कि करीब 626 करोड़ से ज्यादा लागत वाली लंबी चौड़ी बड़े बजट वाली कोर्ट बिल्डिंग का काम इस साल के अंत तक भी पूरा नहीं हो पाएगा। क्योंकि लंबे समय से चल रहे नवीन बिल्डिंग निर्माण कार्य में इतने सालों में कई बार उतार-चढ़ाव आए। जिसमें पहले लगातार देरी के लिए जिम्मेदार ठेकदार कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर पुरानी ठेकेदार एजेंसी बदलने के अलावा कोविड महामारी से देरी से लेकर कई बार ड्राइंग और डिजाइन तक बदलने से भी देरी हुई। इसके अलावा काम लंबा खींच जाने के और भी कई कारण रहे। जिनमें बार-बार टेंडर बदलने जैसी प्रशासनिक और वित्तीय बाधाएं भी आई। ठेकेदारों का काम छोड़ना, पुराने ठेकेदार के जेल जाने के बाद टेंडर प्रक्रिया में बदलाव कर काम और बजट बढ़ने से लेकर लागत बढ़ जाने के बाद दोबारा नए सिरे काम शुरू होने के बाद भी अभी तक रफ़्तार नहीं पकड़ पाया। जिसके कारण काम अभी भी अधूरा है। जबकि अब तक तो नौ मंजिला बिल्डिंग बनकर तैयार भी हो जाना थी।



**अफसरों ने किए थे कई दावें-** जबकि अफसरों द्वारा दावे किए गए थे कि करोड़ों लागत वाली नई कोर्ट बिल्डिंग सेंट्रल इंडिया की सबसे बेहतरीन बिल्डिंग होगी। जहां वकीलों के लिए 800 चेंबर बनाने का दावा भी किया गया।एक ही परिसर में सारी व्यवस्थाओं को जुटाने का दावा भी किया गया था। नया परिसर पूरी तरह से हरियाली से भरा हुआ होगा। साथ ही बारिश के एक-एक बूंद को जमीन के भीतर उतरने का सिस्टम भी बिल्डिंग में चारों तरफ लगाए जाने का दावा किया गया था। 2 साल पहले 234 करोड़ रुपए का बजट बढ़ाने के बाद भी टोटल लागत 626 करोड़ रुपए हो जाने के बाद भी अभी तक काम अधूरा है। अफसर कुछ बोलने की स्थिति में नहीं है कि कब काम पूरा होगा। पीडब्ल्यूडी और उसके विभाग द्वारा लगातार किए जा रहे काम लेट लतीफी के शिकार हो रहे हैं। समय सीमा निकलने के इतने समय बाद भी अब काम कब तक पूरा होगा यह भी कोई जिम्मेदार अधिकारी बताने को तैयार नहीं है।

# नायता मुंडला में नए चार्जिंग स्टेशन की सौगात

*25 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें एक साथ होगी फास्ट चार्जिंग*

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** नायता मुंडला नवीन बस टर्मिनल के पास जल्द एक और नवीन चार्जिंग स्टेशन की सौगात मिल रही है। जहां एक ही छत के नीचे 25 के आसपास इलेक्ट्रिक बसों को आसानी से चार्ज किया जा सकेगा। साथ ही यहां करीब 50 से ज्यादा बसें पार्किंग में आसानी से खड़ी भी हो सकेगी। जहां हैवी चार्जिंग सिस्टम से बेहद कम समय में बसें यहां चार्ज हो सकेगी। नवीन चार्जिंग स्टेशन के निर्माण का कार्य बेहद तेजी के साथ अंतिम दौर में चल रहा है। जिसके लिए नायता मुंडला बस टर्मिनल के पास निगम द्वारा नवीन चार्जिंग स्टेशन के निर्माण का कार्य तेजी के साथ किया जा रहा है। इस चार्जिंग स्टेशन पर करीब 25 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसों को एक साथ चार्ज किया जा सकेगा। यही नहीं यहां चार्जिंग पर आने वाली अन्य बसें भी पार्किंग में व्यवस्थित खड़ी करने की व्यवस्था यहां रहेगी।

### सवा सौ से ज्यादा और बसें पीएम ई-बस योजना में मिलेंगी

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार और इंदौर नगर निगम के प्रयासों से जल्द इंदौर शहर में केंद्र सरकार की ओर से 125 के आसपास इलेक्ट्रिक बसें मिलने वाली है। जिसमें से पिछले दिनों कुछ बसें मिल भी चुकी है। वहीं अन्य शहरों के साथ इंदौर शहर को भी आने वाले दिनों में अब करीब सवा सौ के आसपास और इलेक्ट्रिक बसें मिलने वाली है। जिसके रख-रखाव और चार्जिंग करने की सुविधा और व्यवस्था में विस्तार के लिए निगम ने चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़ाते हुए नवीन चार्जिंग स्टेशन के निर्माण का कार्य पिछले दिनों प्रारंभ कर दिया है। जिसके तहत आईडीए द्वारा नायता मुंडला में करोड़ों की लागत से निर्मित नवीन बस टर्मिनल के पास खाली जगह में इन दिनों इलेक्ट्रिक बसों के चार्जिंग के लिए नए स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा विजय नगर डिपो के पास भी एक चार्जिंग स्टेशन बनकर लगभग तैयार है।



### राजीव गांधी चौराहे के पास है सबसे पुराना चार्जिंग स्टेशन

गौरतलब है कि वर्तमान में राजीव गांधी चौराहे के पास सबसे पुराना इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज करने का लंबा-चौड़ा चार्जिंग स्टेशन पहले से बना हुआ है। इसके अलावा नेहरू पार्क में भी एक चार्जिंग स्टेशन बनाया गया है। इसके अलावा खजराना गणेश मंदिर और विजयनगर डिपो के साथ अब नायता मुंडला में भी एक और चार्जिंग स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है ताकि भविष्य में इंदौर शहर में जब इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ेगी तो इन्हें चार्ज करने के लिए नए स्टेशन काम आएंगे। जबकि अभी शहर में करीब 100 से ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें चल रही है, और आने वाले दिनों में 80 से 100 और इलेक्ट्रिक बसें शुरू होने वाली है। जिन्हें रखना और चार्जिंग करने के लिए शहर में और चार्जिंग स्टेशनों की जरूरत पड़ेगी। उसी हिसाब से निगम द्वारा नए चार्जिंग स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है ताकि भविष्य में बसों की संख्या बढ़ने पर उन्हें चार्ज करने में किसी तरह की परेशानी न आए।

## संपादकीय

# दागियों के भरोसे लोकतंत्र? मुकदमों के घेरे में 300 से ज्यादा सांसद, 14 मुख्यमंत्री, फिर कैसी राजनीतिक शुचिता

देश की राजनीति में आपराधिक मामलों का सामना कर रहे नेताओं को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। इस मुद्दे पर अलग-अलग समय में बहस और चर्चाएं भी होती रही हैं। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल एक हलफनामे में बताया गया कि देश भर में सांसदों और विधायकों के खिलाफ चार हजार से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। किसी भी समाज में यह उम्मीद की जाती है कि उनके जनप्रतिनिधि में उच्च स्तर की ईमानदारी, बेदाग छवि और दूरदर्शी सोच होनी चाहिए। एक आदर्श राजनेता उसे कहा जाता है, जो व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर राष्ट्र और समाज के कल्याण को प्राथमिकता दे। मगर जब कोई नेता गंभीर आरोपों में घिरा हो, तो वह जनता की अपेक्षाओं की कसौटी पर कितना खरा उतर पाएगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय में दाखिल एक हलफनामे में बताया गया कि देश भर में सांसदों और विधायकों के खिलाफ चार हजार से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें तीन सौ से ज्यादा सांसद तथा चौदह मुख्यमंत्री भी शामिल हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि राजनीति में शुचिता के मानदंडों पर क्या सही मायने में अमल हो पा रहा है? साथ ही इस पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि राजनेताओं के लिए विशेष व्यवस्था के बावजूद उनके खिलाफ मुकदमे के निपटारे में इतना लंबा वक्त क्यों लग जाता है। देश की राजनीति में आपराधिक मामलों का सामना कर रहे नेताओं को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। इस मुद्दे पर अलग-अलग समय में बहस और चर्चाएं भी होती रही हैं। इसके बावजूद विधायिका में ऐसे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति बनी हुई है, जिनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सवाल सिर्फ मुकदमे जल्दी निपटाने का नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध राजनीति में आपराधिक छवि के लोगों की मौजूदगी और जवाबदेही से भी है। इसमें दो राय नहीं कि किसी व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक मामला लंबित होना और उसका अपराध साबित होना दो अलग-अलग बातें हैं। मुकदमे का सामना करने वाले व्यक्ति को तब तक अपराधी नहीं ठहराया जा सकता, जब तक उसे अदालत से दोषी न करार दिया जाए। मगर सवाल यह भी है कि जो समाज अपने नेता को एक आदर्श व्यक्ति के रूप में देखता है, अगर वह गंभीर आरोपों में घिरा हो, तो उसे किस तरह देखा जाएगा? क्या इससे ईमानदार राजनीति की शुचिता प्रभावित नहीं होगी? नैतिकता का तकाजा तो यही है कि जब किसी जनप्रतिनिधि पर गंभीर आरोप लगें, तो वह विधायी पद से खुद को अलग कर ले, लेकिन आज के समय में ऐसे उदाहरण दुर्लभ हैं। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों की ओर से अपने उम्मीदवारों पर दर्ज आपराधिक मामलों की जानकारी सार्वजनिक करने की व्यवस्था लागू की है, ताकि मतदाताओं को यह निर्णय करने में आसानी हो कि उन्हें किसे अपना जनप्रतिनिधि चुनना है। मगर, इस सब के बावजूद राजनीति में आपराधिक छवि के नेताओं के प्रवेश पर अंकुश नहीं लग पाया है। हलफनामे में कहा गया है कि वर्ष 2025 में सांसदों और विधायकों के खिलाफ 1,243 आपराधिक मामलों का निपटारा किया गया, जबकि उसी वर्ष 1,050 नए मामले भी दर्ज किए गए। हालांकि, सरकार की ओर से सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमों के जल्द निपटारे के लिए विशेष अदालतें बनाई गई हैं, लेकिन शीर्ष अदालत को दी गई।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने **श्रीमती शबाना बानो पति श्री हिलाल इशार खान निवासी ए 3/706, कृष्णा अपरा गार्डन, इंदिरापुरम, गाजियाबाद (उ.प्र.)** से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का **भूखण्ड क्रमांक 132-ए, 'मानसरोवर नगर', ग्राम देवगुराडिया तहसील व जिला इन्दौर (म.प्र.)**, जिसका योग क्षेत्रफल **1500 वर्गफीट** को क्रय करने का अनुबन्ध किया होकर इन्होंको आंशिक धनराशि का भुगतान कर दिया है। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या निकाय आदि का कोई ऋण, भार, गिरवी आदि हो अथवा उक्त व्यवहार से किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या निकाय को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण के लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे, मौखिक आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी। अवधि पश्चात् विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सो विदित होवे।

**सुनील यादव, एडवोकेट**
**कार्यालयः 25/1, सुन्दरा मारूती हाईट्स, प्रथम मंजिल, मोती तबेला, इन्दौर (म.प्र.)**
**मोबाईल नम्बर 93026-84461**


# घायल को पुलिस सूबेदार ने अस्पताल पहुंचाया




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देवास नाका क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्ति को यातायात पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार कराया गया। वाहन क्रमांक एमपी 09 एएन 4349 के चालक अभिषेक कुमार, निवासी ढाबली को देवास नाका पर दुर्घटना के बाद सिर, गाल एवं होंठ पर चोट लगने से खून बहने लगा। घटना की जानकारी मिलने पर यातायात सूबेदार अमित कुमार यादव ने तत्काल घायल अभिषेक को अपनी कार में बैठाकर यातायात प्रबंधन मित्र अख्तर खान की मदद से मेदांता अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार कराया गया। उसके बाद परिजनों को सूबेदार ने ही सूचना दी। फिर एम्बुलेंस के माध्यम से मेदांता में उपचार के बाद एमवाय पहुंचाया गया।

## संस्था युवा संकल्प लगाएगा रक्तदान शिविर

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट )।** संस्था युवा संकल्प द्वारा युवा उत्सव के रूप में रक्तदान शिविर 23 अगस्त रविवार को छत्रीबाग स्थित माहेश्वरी स्कूल जाजू सभागृह में आयोजित किया जाएगा। लाइव बैंड की प्रस्तुति भी रखी गई है इससे शिविर का माहौल सिर्फ रक्तदान की बात ना होकर एक युवा उत्सव में परिवर्तित हो जाएगा। डॉ.अमित बंग, नीरज जाखेटिया, अर्पित दम्मानी, रजत मूंदड़ा आयोजन से जुड़े हैं।

# बोहरा समाज निकालेगा रविवार को खुशी का जुलूस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बोहरा समाज मीडिया प्रभारी अली असगर भोपालवाला ने बताया कि मिलादुन्नबी पर रविवार 23 अगस्त की सुबह 7.30 बजे खुशी का जुलूस सियागंज मस्जिद से एबीएन स्कूल छत्रीबाग तक निकाला जायेगा। जुलूस मे सभी दाऊदी बोहरा जमात के आमिल और बोहरा समाजजन बड़ी संख्या में मौजूद रहेंगे। जुलूस में घोड़े बग्गी बुरहानी गार्ड, तमाम समाज की कमेटियों के मेंबर बैंड शामिल होंगे। मिलाद की रात रविवार को समस्त बोहरा मस्जिदों में खुशी की मजलिस रात 8:30 बजे होगी।




# छात्रावास में पौधारोपण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शासकीय संभागीय आईटीआई के छात्रावास में सुधा रामकृष्ण समिति द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रीना सोलंकी, हरीश उइके, विनय तिवारी, सौरव तिवारी, गोविंद पाटीदार, खुशी जोशी, नीलिमा वर्मा, विजय तिवारी, संजय तिवारी, रघुवेंद्र कुशवाह, नेहा विश्वकर्मा, पंकज दरबई, अंकित गहलोत, अवधेश दंडोतिया, शेर सिंह, आलोक गहलोत, लाल बाबू, अनिल टेकाम, संदीप, लवकुश कुमरे, रोहित शर्मा मौजूद थे।



# किटी ग्रुप ने किया अभिषेक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** 'दोस्त यार मेरा परिवार' किटी ग्रुप ने बिल्वमतेश्वर महादेव धरमपुरी का अभिषेक किया। माँ नर्मदा में स्नान भी किया तृप्ति आशीष गोयल ने उक्त जानकारी दी।

## तुलसीदासजी पर काव्य गोष्ठी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर नर्मदांचल साहित्य एवं कला परिषद् द्वारा अग्रसेन धाम, फूटी कोठी पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। नरेन्द्र शर्मा, डॉ. बालकृष्ण भट्ट और नार्मदीय ब्राह्मण समाजजन मौजूद रहे।

# पैसों के संकट ने लटकाया सवा 6 करोड़ की लागत के आधुनिक कम्युनिटी हॉल का निर्माण

**इंदौर।** निगम की खस्ता हालत और बजट की कमी ने मालवा मिल क्षेत्र में करीब सवा छह करोड़ की लागत से बनने वाले आधुनिक नवनिर्मित कम्युनिटी हॉल का निर्माण का कार्य भी लम्बे समय से लटका कर रख दिया है। गौरतलब है कि चार बार टेंडर प्रक्रिया के बाद करीब साढ़े आठ माह पहले पिछले साल दिसंबर माह के अंत में क्षेत्र के रहवासियों के लिए सौगात के रूप में करीब सवा छह करोड़ की बड़ी लागत से मालवा मिल चौराहे के पास रिक्त भूमि पर निगम ने लंबे समय के बाद कम्युनिटी हॉल निर्माण का कार्य शुरू करवाया था। लेकिन अब हालात यह है कि खुदाई के बाद कुछ दिन काम चलने के बाद अब आठ माह से भी ज्यादा लंबे समय से यहां का काम पूरी तरह से बंद पड़ा है। क्षेत्र के रहवासी परिवारों को को अब एक बार फिर से चिंता सताने लगी है कि आखिर ढाई साल पहले पुराने जर्जर कम्युनिटी हॉल को तोड़ने के बाद लंबे समय से अटके निर्माण कार्य का दोबारा शुभारंभ कब होगा। यही नहीं अगर ऐसे ही काम चला तो क्या इस साल दिवाली तक यहां का काम पूरा हो पाएगा। जबकि क्षेत्रीय पार्षद नंदकिशोर पहाड़ियां और विधायक महेंद्र हार्डिया के लगातार प्रयासों के बाद ही निगम ने पिछले साल ही बड़े बजट का होने के कारण बड़ी मुश्किल से यहां के लिए ठेकेदार की तलाश कर काम चालू कराया था। लेकिन अब कहा जा रहा है कि ठेकेदार का पेमेंट नहीं मिलने और बजट के संकट के चलते लंबे समय से यहां काम बंद ही पड़ा है। वहीं क्षेत्रीय पार्षद एवम एमआईसी सदस्य पहाड़ियां का कहना है कि जल्द ठेकेदार से चर्चा कर जो भी बाधा है उसे दूर कर दोबारा यहां का काम शुरू करवाएंगे। साथ ही बताया कि हमारा प्रयास है कि यहां आधुनिक सुविधाओं से लैस बड़े बजट वाले तकरीबन सवा छह करोड़ की लागत से बनने वाले नए आधुनिक कम्युनिटी हॉल का निर्माण जल्द इसी साल पूरा हो जाए, जो निगम द्वारा 8300 फुट की लंबी-चौड़ी जगह पर किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत यहां तीन मंजिला भव्य मेरिज गार्डन जैसा सर्व सुविधा युक्त नवीन कम्युनिटी हॉल का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 7000 स्क्वायर फीट का भव्य हाल सात दुकाने, पार्किंग की सुविधा और आठ कमरे की सुविधा भी रखी जा रही है।

# सेलीब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट ने दिया डेमो

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** साउथ तुकोगंज स्थित पंजाब अरोड़वंशीय परिसर में एक दिवसीय लाइव मेकअप डेमो सेमिनार आयोजित किया गया। स्टार एंटरप्राइजेज के डायरेक्टर मनीष गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन में शहरभर की ख्यात ब्यूटी एक्सपर्ट के बीच प्रख्यात सेलिब्रिटी आर्टिस्ट मुस्कान मेहरा ने इंडियन, इंडो वेस्टर्न, ब्राइडल , इंगेजमेंट, पार्टी और फॉर्मल लूक्स की बारीकियों, ब्यूटी उत्पादों के प्रयोगों से जुड़ी बारीकियों को लाइव डेमो से बताया। डेमो सेशन का बाद ब्राइडल शो और रैंप वॉक पर खूबसूरत मॉडल्स में अपना जलवा बिखेरा।



## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 153000 | 158300 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 234700 | 239400 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है

▪ निर्मल वर्मा घुंघरू

# शकर महंगी हुई तो चाय की मिठास ही नहीं, जनता का भरोसा भी घटेगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि अक्षय जैन )।** महंगाई की मार हमेशा किसी बड़ी वस्तु से महसूस नहीं होती। कई बार रसोई की छोटी-सी चीज ही घर के पूरे बजट का गणित बिगाड़ देती है। शकर भी ऐसी ही जरूरत है। सुबह की चाय से लेकर बच्चों के दूध, घर की मिठाई और त्योहारों की तैयारी तक शकर हर परिवार की रोजमर्रा की जरूरत है। ऐसे में इसके दाम बढ़ना सिर्फ बाजार की खबर नहीं, बल्कि आम आदमी की रसोई का सवाल बन जाता है।

पहले से ही महंगाई के दबाव में परिवार अपनी आय और खर्च के बीच तालमेल बैठाने में जुटे हैं। दूध, सब्जी, दाल, तेल और अन्य जरूरी सामान के बाद यदि शकर भी महंगी होती है तो बचत का दायरा और छोटा हो जाता है। मध्यमवर्गीय परिवार के लिए बढ़ती कीमत का हर रुपया किसी दूसरी जरूरत में कटौती करवाता है। मामला सिर्फ शकर का नहीं, महंगाई की मनोवृत्ति का है। जब रोजमर्रा की चीजों के दाम बढ़ते हैं तो जनता बाजार के आंकड़े नहीं देखती, वह अपनी जेब देखती है। सरकार के लिए महंगाई का मूल्यांकन आंकड़ों से हो सकता है, लेकिन आम परिवार के लिए उसका पैमाना रसोई का खर्च है। त्योहारों के समय इसका असर और व्यापक दिखाई देता है। मिठाई बनाने वाले हलवाई से लेकर छोटे दुकानदार तक लागत बढ़ने का दबाव महसूस करते हैं। अंततः यह बढ़ी हुई लागत ग्राहक तक पहुंचती है। यानी शकर की कीमत बढ़ने का असर एक पूरी आर्थिक श्रृंखला में दिखाई देता है। सरकार को इस स्थिति को केवल मांग और आपूर्ति का सामान्य उतार-चढ़ाव मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। उत्पादन, भंडारण, थोक कारोबार और खुदरा बाजार हर स्तर पर निगरानी जरूरी है। जहां जमाखोरी या अनावश्यक मुनाफाखोरी हो, वहां कार्रवाई भी दिखाई देनी चाहिए। जनता को राहत भाषणों से नहीं, बाजार में दिखाई देने वाली कीमतों से मिलती है।

सरकार के सामने चुनौती यही है कि वह महंगाई को नियंत्रित करने के लिए समय रहते प्रभावी कदम उठाए। क्योंकि रसोई में बढ़ती कीमतें धीरे-धीरे घर की बातचीत का विषय बनती हैं और फिर यही बातचीत बाजार से निकलकर समाज और राजनीति तक पहुंचती है। कहावत है मिठास से रिश्ते बनते हैं और कड़वाहट से रिश्ते बिगड़ते हैं। सरकार और जनता के रिश्ते में भी यही बात लागू होती है। यदि जरूरी वस्तुओं की कीमतें लगातार आम आदमी की पहुंच से दूर होती गईं, तो जनता के मन में पैदा होने वाली कड़वाहट सरकार के लिए राजनीतिक रूप से भी भारी पड़ सकती है।

इसलिए समय रहते शकर की कीमतों पर लगाम जरूरी है। आखिर सवाल सिर्फ एक किलो शकर का नहीं है। सवाल उस परिवार का है, जो महीने का बजट बनाकर बाजार जाता है और हर बार लौटते समय अपनी सूची में कुछ जरूरतें काटने को मजबूर हो जाता है। जनता के मुंह से मिठास दूर होगी तो सवालों में कड़वाहट आना स्वाभाविक है। सरकार के लिए चेतावनी साफ है रसोई में मिठास बचाइए, क्योंकि जनता का भरोसा भी उसी से जुड़ा है।



## ताराचंद दादा सेंटर के 12 खिलाड़ियों का चयन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मल्हार आश्रम कुश्ती केंद्र पर आयोजित जिला स्कूली प्रतियोगिता में इंदौर के ताराचंद दादा बालिका रेसलिंग सेंटर की निधिका पाल उर्फ कुकी मिस्त्री, वंशिका हार्डिया, आकांक्षा कुशवाहा, तन्वी हार्डिया, सीमा कोगे, इशिता पटेल, दिव्यांशी मौर्य, दिव्यांशी गिरवाल, सुहानी चौहान, भूमि कुशवाहा, वैष्णवी पाल और सूर्यांश राठौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंदौर जिले की कुश्ती टीम में अपना स्थान बनाया। यह सभी बालिकाएं रमेश मिस्त्री पहलवान से कुश्ती का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। इस सेंटर पर निशुल्क बालिकाओं को कुश्ती का प्रशिक्षण दिया जाता है। 150 से अधिक बालिकाएं तीन शिफ्ट में कुश्ती का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। चययनित खिलाड़ी 21 अगस्त को खंडवा में होने वाले संभागीय स्कूली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विधायक मधु वर्मा, अनिल गुप्ता, कमल वर्मा गुड्डू, नरेश वर्मा, मुन्ना पहलवान उस्ताद, महेश वर्मा, बच्चू पहलवान, संतोष कुशवाहा, अभिषेक पाठक, योगेंद्र मौर्य, पवन वर्मा, महेश राठौर, ममता वर्मा, रूपमती वर्मा, प्रीति मिस्त्री, सीमा राठौर, अंजलि वर्मा, पूजा वर्मा ने बधाई दी है।

## संयुक्त भर्ती परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित समूह-02 उपसमूह-04 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 21 अगस्त कर दी गई है। वहीं आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि 23 अगस्त निर्धारित की गई है। रोजगार पंजीयन पोर्टल के सर्वर में तकनीकी समस्या आने के कारण अभ्यर्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कर्मचारी चयन मंडल द्वारा ऑनलाइन आवेदन एवं आवेदन पत्र में संशोधन की अंतिम तिथियों में वृद्धि की गई है।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की लिंक ओपन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जिले के समस्त शासकीय/ अशासकीय महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति एवं आवास सहायता योजनान्तर्गत एमपी टॉस पोर्टल पर नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए लिंक ओपन कर दी है। शैक्षणिक सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 हेतु पोर्टल पर 30 अगस्त आवेदन किये जा सकते है। अनुसूचित जाति तथा आदिवासी विकास जिला इन्दौर के सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राएं एमपी टॉस पोर्टल पर निर्धारित समय-सीमा में आवेदन कर सकते है।

## संभाग स्तरीय लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता होगी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता शासकीय संगीत महाविद्यालय द्वारा 10 सितम्बर को प्रातः 9 बजे से प्रीतमलाल दुआ सभागृह में की जाएगी। प्रतियोगिता में जूनियर आयु वर्ग में 8 से 15 वर्ष एवं सीनियर वर्ग में 16 वर्ष से लेकर 25 वर्ष के आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं।

## भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा 'मानक मंथन' कार्यक्रम

### उद्योगों ने 'व्यावहारिक मानक व चरणबध्द कार्यान्वयन' की रखी मांग

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



औद्योगिक एसोसिएशन के सभागृह, पोलोग्राउंड में अहिल्या सर्फेक्टेंट मैन्यूफैक्चरिंग एसोसिएशन, भारतीय मानक ब्यूरो एवं एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश ने सरफेक्टेंट, डिटर्जेंट एवं वाशिंग पाउडर निर्माण क्षेत्र से जुड़े सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों तथा उद्योग हितधारकों के लिए एक तकनीकी बैठक 'मानक मंथन' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य घरेलू धुलाई के लिए प्रयुक्त होने वाले डिटर्जेंट पाउडर के मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उत्पाद की गुणवत्ता एवं गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों क्यूसीओ पर चर्चा करना रहा। योगेश मेहता, आशुतोष राय, राजेश गर्ग, तरूण व्यास, प्रमोद डफरिया, अनिल पालीवाल, निलेश ठक्कर, राजेन्द्र सेठी, नरेश शमनानी, देव अगनानी, मोहित मोटवानी, राजेश यादव, रवनितसिंह सलूजा, आनंद कोतवाल, अशोक मालपानी, हितेश पंजवानी, दिनेश जैन, जेके नीमा, महेश रोहडा, आशुतोष सिंह, रोहित दलाल, अरविंद जैन उपस्थिति रहे।

## एक ही धाम में भक्तों की भक्ति

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** खरगोन से 30 किलोमीटर दूर ग्राम गढ़ी में एक ही धार्मिक धाम में इस सावन मास में जहां भगवान भोलेनाथ की भक्ति हो रही है वहीं नागपंचमी पर भी नागदेवता का पूजन किया गया था, खाटू श्याम बाबा की भक्ति भी हो रही है, इस त्रिवेणी धाम में भक्तों ने भक्ति के रूप में भगवान के जयकारे भी गुंजाए। सावन मास और त्योहारों पर समिति और पुजारियों द्वारा विशेष अनुष्ठान भी कराए जा रहे हैं। भगवान भोलेनाथ का दुग्धाभिषेक, अनुष्ठान कराया जा रहा है, नागपंचमी के दिन भी नाग देवता का विशेष श्रृंगार किया गया था और पूजन भी हुआ था। रोजाना श्रृंगार, भोग दर्शन के बाद आरती भी हो रही है।



## कर्मचारी संगठन ने दिया ज्ञापन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांतव्यापी आव्हान पर सात सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। हरीश बोयत, राजेश गौड़, पवन शर्मा, कमलेश सिंह, संदीप धौलपुरे, पूरण कैथवास, बैजू परदेशी, दीपसिंह झानिया, मनोज विश्वकर्मा, राजेश सिंह, प्रभु चौहान, पवन जुलूर, सुनील गौड़, राहुल जगताप, मोहम्मद हनीफ सम्मिलित थे।

## पुलिस अधिकारी ने ली यातायात अधिकारियों की बैठक

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेश कुमार सिंह एवं पुलिस उपायुक्त राजेश कुमार त्रिपाठी की उपस्थिति में यातायात प्रबंधन पुलिस की बैठक ली गई। यातायात के एडिशनल डीसीपी, एसीपी, थाना प्रभारी, निरीक्षक, उपनिरीक्षक एवं सूबेदार उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजेश कुमार सिंह ने अधिकारियों को शहर में सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



## जूडो में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीते 14 पदक

**इंदौर।** खजराना स्थित सेंट उमर एकेडमी के होनहार खिलाड़ियों ने 'स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया' इंटर-स्कूल जूडो टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक (1 स्वर्ण, 5 रजत और 8 कांस्य) अपने नाम किए हैं।

टूर्नामेंट में हिबा गोरी ने 23 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। ज़ैनब शेख और अली अंसारी ने रजत पदक जीता । जबकि फरज़ान अंसारी, आयत पटेल, अहमद मंसूरी और अली लखानीने कांस्य पदक प्राप्त किया।

## विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने स्वयं को पद से हटाया!

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** स्कूल शिक्षा विभाग में करीब 8 माह पहले करीब ढाई करोड़ के गबन का मामला उजागर होने के बाद अब तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी शांता स्वामी द्वारा स्वयं को अपने मूल पद से हटने के लिए नोटशीट लिखकर कलेक्टर को भेजने की बात सामने आई है। जबकि शांता स्वामी के पास इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी था एवं उनका मूल पद विकासखंड शिक्षा अधिकारी था। सूत्रों के मुताबित अधिकारी अपने ही पद से हटने के लिए विभागीय नोट शीट नहीं लिख सकता है। इस बात का खुलासा तब हुआ जब घोटाले की शिकायत लोकायुक्त में पहुंची। दस्तावेजों की जांच की गई तो यह सामने आया। बताया जा रहा है कार्रवाई से बचने के लिए तत्कालीन बीईओ शांता स्वामी ने पद से हटने की नोटशीट तत्कालीन एक अधिकारी के माध्यम से कलेक्टर को भेजी। उन्हें पद से हटा भी दिया गया था।

# मानव सुथार का कमाल, 9 दशक बाद किसी गेंदबाज ने किया धमाल

**गाले।** भारतीय टीम के बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने श्रीलंका के खिलाफ गाले टेस्ट में कमाल की बॉलिंग की। मानव ने पहली पारी में 4 विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 6 विकेट लिए। उन्होंने दूसरी पारी के अंत में एक ओवर में तीन विकेट लेकर श्रीलंका की हार पक्की कर दी। यह मानव सुथार का दूसरा ही टेस्ट था। जून में मानव ने अफगानिस्तान के खिलाफ डेब्यू किया था।

मानव सुथार भारत के पहले स्पिनर और कुल मिलाकर दूसरे भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्होंने अपने पहले घरेलू टेस्ट और पहले विदेशी टेस्ट दोनों में 5 विकेट हॉल लेने का कारनामा किया। सुथार ने 6 जून 2026 को मुल्लांपुर में अफगानिस्तान के खिलाफ अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी। डेब्यू मैच की पहली पारी में उन्होंने छह विकेट



चटकाए थे। इसके बाद अपने पहले विदेशी दौरे पर श्रीलंका पहुंचे सुथार ने गाले में खेले गए पहले टेस्ट में भी शानदार गेंदबाजी जारी रखी।

बारिश से प्रभावित रहे इस मुकाबले में मानव सुथार ने श्रीलंका की पहली पारी में 4 विकेट लिए। दूसरी पारी में उन्होंने मैच का रुख बदलते हुए सिर्फ 55 रन देकर 6 विकेट झटक लिए। उनकी बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 165 रनों से जीत हासिल करके सीरीज में 1-0 की बढ़त भी बना ली।

मानव सुथार टेस्ट मैच में 10 विकेट लेने वाले सबसे युवा भारतीय गेंदबाज भी बन गए हैं। मानव सुथार श्रीलंका में टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। मानव सुथार ने मैच में 131 रन देकर 10 विकेट लिए। यह किसी भी भारतीय गेंदबाज का श्रीलंका में बेस्ट प्रदर्शन है।

**1932-33 में पहला बार हुआ था–** इससे पहले यह उपलब्धि सिर्फ तेज गेंदबाज मोहम्मद निसार के नाम थी। निसार ने 1932 में इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में अपने पहले विदेशी टेस्ट में पहली पारी में 93 रन देकर 5 विकेट लिए थे। वह टेस्ट इतिहास में 5 विकेट हॉल लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी थे। इसके बाद 1933 में मुंबई में खेले गए अपने पहले घरेलू टेस्ट में भी उन्होंने 90 रन देकर 5 विकेट हासिल किए थे। वह अपने समय दुनिया के सबसे तेज गेंदबाजों में गिने जाते थे।

## पहले टेस्ट में हार के बाद श्रीलंका को लगा झटका 3 खिलाड़ी हुए बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ 23 अगस्त से कोलंबो में शुरू हो रहे दूसरे और निर्णायक टेस्ट मैच से पहले मेजबान श्रीलंका की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं। सीरीज में 0-1 से पिछड़ रही श्रीलंकाई टीम चोटों के भयंकर दौर से गुजर रही है। टीम के तीन प्रमुख बल्लेबाज कुसल मेंडिस, पथुम निसांका और दिनेश चांदीमल चोट और मेडिकल प्रोटोकॉल के चलते इस अहम मुकाबले से बाहर हो चुके हैं। ऐसे में सीरीज में वापसी के लिए एक बेहद अनुभवहीन श्रीलंकाई बल्लेबाजी क्रम को भारतीय गेंदबाजों के सामने कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

**दिनेश चांदीमल को लगी थी चोट–** अनुभवी बल्लेबाज दिनेश चांदीमल गॉल में खेले गए पहले टेस्ट के चौथे दिन बाउंड्री बचाने के प्रयास में सिर के बल गिर पड़े थे जिसके बाद उन्हें कन्कशन के कारण मैच से हटना पड़ा था। आईसीसी के नियमों के अनुसार, कन्कशन सब्सटीट्यूट के रूप में बाहर हुए खिलाड़ी को कम से कम 7 दिनों तक किसी भी प्रतिस्पर्धी मैच में खेलने की अनुमति नहीं होती है। क्योंकि दूसरा टेस्ट केवल चार दिन बाद ही शुरू हो रहा है इसलिए चांदीमल इस नियम के तहत चयन के लिए उपलब्ध ही नहीं हो सके।

**पथुम निसांका और मेंडिस भी होंगे बाहर–** वहीं ओपनिंग बल्लेबाज पथुम निसांका और कुसल मेंडिस पहले से ही चोटों की वजह से टीम से बाहर चल रहे थे। लंका प्रीमियर लीग के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट का शिकार हुए मेंडिस को पूरी तरह ठीक होने में अभी और समय लगेगा। दूसरी तरफ, जून में कलाई की सर्जरी कराने वाले निसांका मेंडिस की तुलना में तेजी से रिकवर हो रहे हैं लेकिन बल्लेबाजी के दौरान उन्हें अब भी खिंचाव और असुविधा महसूस हो रही है जिससे मैनेजमेंट उन्हें मैदान पर उतारने का जोखिम नहीं लेना चाहता।

## भारत की डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई की उम्मीद अब भी जिंदा

**गॉल।** श्रीलंका को गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में 165 रनों से धूल चटाने के बाद भारत की डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बढ़ी हैं। टीम इंडिया के खाते में फिलहाल 53.33 प्रतिशत अंक है, अगर भारत को इस बार फाइनल में जगह बनानी है तो कम से कम 60 प्रतिशत अंक का आंकड़ा पार करना होगा। टूर्नामेंट का इतिहास रहा है कि 60 प्रतिशत से ज्यादा अंक रहने वाली टीमें टॉप-2 में फिनिश करती है और फाइनल उन्हीं टीमों के बीच खेला जाता है। बता दें, टीम इंडिया ने पहले दो डब्ल्यूटीसी चक्र में लगातार फाइनल में जगह बनाई थी। पहली बार उन्हें न्यूजीलैंड से तो दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा। तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच फाइनल हुआ था, जिसमें अफ्रीकी टीम जीतकर इतिहास रचने में कामयाब रही थी।

**भारत को जीतने होंगे 6 और मैच–** श्रीलंका के खिलाफ भारत को सीरीज का दूसरा और आखिरी मुकाबला रविवार, 23 अगस्त से खेलना है। अगर इस मुकाबले को भी जीतकर टीम इंडिया सीरीज 2-0 से अपने नाम करने में कामयाब रहती है तो भारत के खाते में 57.57 प्रतिशत अंक हो जाएंगे।

श्रीलंका के दौरे के बाद भारत





को न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्हीं के घर पर 2 मैच की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसके बाद टीम इंडिया अपने डब्ल्यूटीसी चक्र का अंत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैच की टेस्ट सीरीज की मेजबानी करके करेगा। यह 7 मैच भारत के लिए बेहद अहम रहने वाले हैं।

श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में मिली जीत के बाद भारत को अपने बचे हुए 8 मैचों में से कम से कम 6 से 7 मैच जीतने होंगे। 6 जीत हासिल करने पर वे लगभग 60३ पॉइंट्स परसेंटेज (पीसीटी) के करीब पहुंच जाएंगे, जबकि 7 से 8 जीत से टॉप-2 में जगह पक्की हो जाएगी।

**साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली हार दे रही है दुख–** डब्ल्यूटीसी के पिछले चक्र में भारत न्यूजीलैंड के हाथों घर पर सूपड़ा साफ कराने के चलते फाइनल में जगह बनाने से चूक गया था। अगर इस बार भी टीम इंडिया फाइनल में कुछ अंतर से जगह नहीं बना पाता तो साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली हार हर किसी को याद आएगी। टेंबा बावुमा की अगुवाई वाली अफ्रीकी टीम ने भारत को घर पर 2-0 से टेस्ट सीरीज में मात दी थी। अगर टीम इंडिया यह टेस्ट सीरीज जीती होती तो आज टॉप-2 में या उसके नजदीक होती।

फिहाल ऑस्ट्रेलियाई टीम 77.78 प्रतिशत पॉइंट्स के साथ पहले पायदान पर है। हालांकि हाल ही में उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ बड़े उलटफेर का शिकार बनना पड़ा। वहीं डिफेंडिंग चैंपियन साउथ अफ्रीका 75 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे पायदान पर है।

साउथ अफ्रीका ने अभी तक दो ही टेस्ट सीरीज खेली है। उनकी चार सीरीज अभी बाकी है। श्रीलंका के खिलाफ उन्हें एकमात्र टेस्ट सीरीज घर के बाहर खेलनी है। वह ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और इंग्लैंड की मेजबानी करेंगे।

## खिलाड़ियों ने शतरंज की बिसात पर दिखाया अपना दिमाग

**इंदौर।** देशभर से आईं टीमों के बीच शतरंज के चौसठ खानों के बीच रोमांचक मुकाबलों का दौर जारी है। प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी शतरंज स्पर्धा में इंदौर की खिलाड़ियों के दमदार खेल की मदद से एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल ने अपनी स्थिति मजबूत की। इस टूर्नामेंट में देशभर की टीमें हिस्सा ले रही हैं। स्पर्धा में प्रदर्शन के आधार पर इंदौर में ही आल इंडिया आइपीएससी टीम का चयन किया जाएगा। अंडर-17 वर्ग में मेजबान एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने जोधपुर के राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल को 3-1 से हराया। मेजबान टीम की जीनिशा चौहान, लब्धि धाबरिया और यश्स्वी दुबे ने अपनी बाजियां जीतीं जबकि आरोही



अग्रवाल ने ड्रॉ खेला। हैदराबाद पब्लिक स्कूल ने देहरादून के वेलहम गर्ल्स स्कूल को 3-1 से हराया। हैदराबाद की लौक्य साधिका चेवरू, तन्वी काकराला और श्री अन्विता कटागोनी ने अपने मुकाबले जीते। देहरादून के लिए एकमात्रजीत जील आदेश शाह ने हासिल की। दिल्ली के मॉडर्न स्कूल और जयपुर के महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल का मुकाबला 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ। दिल्ली की ऐशा खंडेलवाल और चाहत कोहली ने मैच जीते जबकि जयपुर की नंदिनी शर्मा और रिद्धिमा गुप्ता ने जीत दर्ज की। गंगटोक के ताशी नामग्याल एकेडमी ने ग्वालियर के सिंधिया कन्या विद्यालय को 3-1 से पराजित किया।

## अपनी फुर्ती, तेज सर्विस और बेहतरीन रक्षात्मक खेल से किया प्रभावित



**इंदौर।** मेजबान एमरल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की खिलाड़ियों ने कोर्ट पर अपने तेजतर्रार खेल और आपसी संयोजन की मदद से प्रतिष्ठित ऑल इंडिया आइपीएससी वॉलीबॉल स्पर्धा के विभिन्न वर्गों में जीत हासिल की। देश के विभिन्न राज्यों की टीमें इस प्रतिष्ठित आयोजन में हिस्सा ले रही हैं। खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, तेज सर्विस और बेहतरीन रक्षात्मक खेल से दर्शकों को प्रभावित किया। बालिका अंडर-14 आयु वर्ग के लीग मैच में मेजबान एमरल्ड हाइट्स स्कूल ने हिसार के विद्या देवी जिंदल स्कूल को आसानी से 2-0 से पराजित किया। एमरल्ड हाइट्स की ओर से ख्याति चतुर्वेदी, मत्रिका जैन, तिष्ठा पटेल, जन्नत खुशलानी और निरवी ने शानदार प्रदर्शन किया। अन्य मैच में सोनीपत के मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स ने असम वैली स्कूल को 2-1 से हराया। विजेता टीम की ओर से परी, दीया और निहाल ने प्रभावी खेल दिखाया।

## भारत ने किया पाकिस्तान को वर्ल्ड कप से बाहर

**नई दिल्ली।** एफआईएच पुरुष हॉकी वर्ल्ड कप 2026 के पूल डी मुकाबले में भारत ने अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 5-3 के अंतर से पराजित कर दूसरे दौर में जगह बना ली है। एम्स्टेलवीन के वैगनर स्टेडियम में खेले गए इस हाई-वोल्टेज मैच में भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया और विपक्षी टीम को वापसी का मौका दिए बिना टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

**पहले क्वार्टर में भारत ने ली 2-0 की बढ़त–** मैच के शुरुआती मिनटों से ही भारतीय टीम ने मैदान पर अपना दबदबा कायम कर लिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने छठे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के रिबाउंड पर करारा शॉट लगाकर भारत का खाता खोला। इसके ठीक पांच मिनट बाद (11वें मिनट) अभिषेक के पास पर डी के भीतर



मौजूद मनदीप सिंह की सूझबूझ और विपक्षी डिफेंडर से हुए डिफ्लेक्शन की मदद से भारत ने अपनी बढ़त 2-0 कर ली। पहले 15 मिनट में पाकिस्तानी टीम गेंद के लिए संघर्ष करती नजर आई।

**तीसरा क्वार्टर में टीम इंडिया का 5वां गोल–** हाफ-टाइम के बाद भारतीय टीम ने अपनी बढ़त में और इजाफा किया। 35वें मिनट (तीसरे क्वार्टर के 5वें मिनट) में पाकिस्तानी खिलाड़ी अरशद द्वारा आदित्य लालागे पर किए गए फाउल के कारण भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। मिडफील्डर हार्दिक सिंह ने कोई गलती न करते हुए गेंद को बॉटम लेफ्ट कॉर्नर में भेजकर स्कोर 5-2 से मजबूत कर दिया जिससे भारत मैच में सुरक्षित स्थिति में आ गया।

# माता मंदिर से चोरी के बाद चोर ने माँ से माफी भी मांगी

## *वीडियो फुटेज में साफ दिख रही है घटना*

## *2 लाख रु. चोरी की मूर्तियों की हुई शिकायत*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

विजय नगर थाना क्षेत्र के शिव शक्ति धाम मंदिर में दो दिन पहले 18 अगस्त की सुबह चोरी की घटना वीडियो फुटेज में कैद हुई है। चोरी की घटना पुलिस ने कल दर्ज की है। इस मामले में रोहित जायसवाल ने पुलिस विजय नगर में शिकायत दर्ज कराई कि शिवशक्ति धाम मंदिर से पीतल की मूर्तियां, त्रिशूल सहित अन्य सामान चोरी हुए हैं, घटना 18/15, विजय नगर स्थित घर की बाउण्ड्री में बनाए गए सार्वजनिक शिवशक्ति धाम मंदिर की है। जायसवाल ने पुलिस को बताया कि मंदिर से बगलामुखी माता की पीतल की मूर्ति, शेषनाग की पीतल की मूर्ति और पीतल का त्रिशूल गायब मिला। फुटेज में साफ दिख रहा है कि युवक ने चोरी की है और चोरी के बाद भगवान से माफी भी मांगी है।



पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। वहीं मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर की तस्वीर कैद हो गई है, अब मंदिर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपी की पहचान और चोरी की गई धार्मिक सामग्री की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने रिपोर्ट की पुष्टि की है और कहा है कि इस मामले में चोर को ढूंढने के प्रयास किए जा रहे हैं। इधर रहवासियों ने चोरी की घटना पर नाराजगी जाहिर की है। **छाया -सतीश शर्मा**



# मंगेतर ने तोड़ी डेढ़ साल पुरानी सगाई, सदमे में आई युवती ने दी जान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

**एमआईजी थाना क्षेत्र की स्वर्ण बाग कॉलोनी में डेढ़ साल पुरानी सगाई टूटने और मंगेतर द्वारा अचानक शादी से इनकार करने से क्षुब्ध होकर युवती ने जहरीला पदार्थ गटक लिया। गंभीर हालत में परिजन उसे एमवाय अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।**

मृतका का नाम मारिया पिता उमर शेख निवासी स्वर्ण बाग कॉलोनी उम्र 19 साल है। बताया जा रहा है कि मारिया ने कक्षा 12वीं तक पढ़ाई की थी। परिजनों ने बताया कि मारिया की सगाई 15 जून 2025 को आजाद नगर निवासी सोहेल उर्फ साहिल से हुई थी, जो पेशे से जूस की दुकान चलाता है। दोनों परिवारों के बीच इस वर्ष शादी की तैयारियां भी चल रही थीं। पिता उमर शेख का आरोप है कि करीब 8 दिन पहले सोहेल ने अचानक मारिया से बातचीत बंद कर दी और फोन पर सगाई तोड़ने का फरमान सुना दिया। उसने मारिया पर किसी अन्य से बात करने का बेबुनियाद आरोप लगाया। जब मारिया के परिजनों ने सोहेल के परिवार से संपर्क किया तो उन्होंने भी कोई मदद करने से हाथ खड़े कर दिए। घटना वाली रात जब मारिया की तबीयत बिगड़ने लगी तो उसकी छोटी बहन ने उससे पूछताछ की, जिस पर मारिया ने जहर खाने की बात कबूल की। परिजन तुरंत उसे अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक जहर शरीर में फैल चुका था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है और परिजनों के बयानों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शव रखकर चक्काजाम करने वालों पर केस दर्ज

## दीपमाला चौराहे पर लगा था लंबा जाम

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में हुई हत्या के बाद शव को दीपमाला चौराहे उज्जैन-इंदौर मार्ग पर रखकर यातायात बाधित करने और बिना अनुमति प्रदर्शन करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों को समझाइश दी गई थी और परिजन कार्रवाई से संतुष्ट भी थे, लेकिन आरोपियों ने चक्काजाम कर रास्ता रोक दिया था। पुलिस के अनुसार, मृतक श्रीराम राजपूत का शव सड़क पर रखकर श्याम सिंह राजपूत, देवेंद्र सिंह राजपूत, देवेन्द्र, राजपाल, बादल जायसवाल, बलराज उर्फ बलवीर, सोनू सिंह राजपूत, राज राजपूत, सुनील, सतीश कबाड़ी, विक्की चौहान, शिवम, जय डीजे और उनके अन्य साथियों ने अवैध रूप से धरना-प्रदर्शन किया। बिना अनुमति किए गए इस चक्काजाम के कारण इंदौर-उज्जैन मार्ग पर काफी समय तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आम यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। बाणगंगा पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में घायल इंजीनियर की इलाज के दौरान मौत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सांवेर रोड सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल मैकेनिकल इंजीनियर की आज सुबह एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दो दिन पहले काम पर जाते वक्त एक अनियंत्रित बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी थी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी बाइक चालक की तलाश शुरू कर दी है।



मृतक का नाम पहचान शैलेश पिता रामदेव कुशवाह निवासी साईं विहार कालोनी सांवेर है। बीते 17 अगस्त को जब शैलेश अपने काम पर जाने के लिए निकले थे, तभी रास्ते में धरमपुरी के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद एंबुलेंस की मदद से उन्हें गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया।मृतक के भाई धर्मेंद्र ने बताया कि शैलेश मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। इससे पहले वे वडोदरा की डीएनएस कंपनी में कार्यरत थे। महज एक महीने पहले ही डब्ल्यूआरके कंपनी में नई नौकरी मिलने के बाद वे इंदौर शिफ्ट हुए थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश लेकर रवाना होंगे।पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकीड़ खोज शुरू कर दी है।

# अवैध पिस्टल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर में अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अन्नपूर्णा थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने दशहरा मैदान के पास घेराबंदी कर एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा है। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किया गया है।

अन्नपूर्णा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक संदिग्ध अवस्था में हथियार लेकर दशहरा मैदान के समीप घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और संदेही को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम हर्ष पिता श्याम सोनी निवासी विकास नगरबताया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से 1 देशी पिस्टल और कारतूस जप्त किए गए। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब आरोपी हर्ष से कड़ाई से पूछताछ कर रही है कि वह यह हथियार कहां से खरीदकर लाया था और किस नीयत से घूम रहा था।

# गुमास्ता नगर में घर में घुसकर बदमाशों का तांडव

## *तोड़फोड़ कर दी जान से मारने की धमकी*

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के गुमास्ता नगर में दो बदमाशों द्वारा एक महिला के घर में घुसकर गदर मचाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने घर में प्रवेश कर जमकर तोड़फोड़ की, संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला की शिकायत पर द्वारकापुरी थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, गुमास्ता नगर निवासी फरियादी शिखा गांधी मूंदड़ा ने द्वारकापुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी योगेश सोनी निवासी स्मृति नगर और लखन बसोड़ उनके घर में जबरन घुस आए। घर में दाखिल होते ही आरोपियों ने तोड़फोड़ शुरू कर दी, जिससे घर के सामान को भारी नुकसान पहुंचा। जब फरियादी ने आरोपियों की इस हरकत का विरोध किया, तो दोनों आरोपी गालियां देने लगे और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। द्वारकापुरी थाना पुलिस ने फरियादी शिखा की रिपोर्ट पर आरोपी योगेश सोनी और लखन बसोड़ के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# बैंक द्वारा सील दुकान का ताला तोड़कर जमाया कब्जा

## पुलिस के पास पहुचा मामला तो हुआ प्रकरण दर्ज

**इंदौर।** एमजी रोड थाना क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा सील की गई एक दुकान का ताला तोड़कर अवैध रूप से प्रवेश करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने बैंक की सील तोड़कर दुकान में प्रवेश किया और बाद में अपना खुद का ताला लगाकर चला गया। बैंक अधिकारी की शिकायत पर एमजी रोड थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, जवाहर मार्ग मालगंज चौराहा निवासी फरियादी हितेश पिता ओमप्रकाश गुप्ता ने बैंक ऑफ बड़ौदा सीतला माता शाखा की ओर से एमजी रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई है।फरियादी ने पुलिस को बताया कि माणिक चौक स्थित श्री मणी विनायक कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग में मौजूद एक दुकान को बैंक द्वारा नियमानुसार सील बंद किया गया था। बैंक की कार्रवाई के कुछ ही दिनों बाद आरोपी सुधीर जैन ने दुकान का सील बंद ताला तोड़ दिया और अनाधिकृत रूप से उसमें प्रवेश किया। इसके बाद आरोपी दुकान पर अपना खुद का ताला लगाकर वहां से चला गया। जब बैंक प्रबंधन को इस बात की जानकारी लगी तो उन्होंने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

# एमडी ड्रग्स के साथ तस्कर गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी

**इंदौर।** शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कनाड़िया थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने टीपीएस-09 बिचौली हप्सी मेन रोड पर घेराबंदी कर एक आरोपी को रंगे हाथों दबोचा है। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 10.8ग्राम अवैध एमडी ड्रग्स जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, कनाड़िया थाना टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में एमडी ड्रग्स की डिलीवरी देने के उद्देश्य से बिचौली हप्सी मेन रोड पर घूम रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने टीपीएस-09 के पास घेराबंदी की और संदिग्ध को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम विनोद मराठा पिता रमेश थोरात निवासी पंचमूर्ति नगर, राज मोहल्ला, इंदौर बताया। पुलिस टीम द्वारा जब आरोपी विनोद की तलाशी ली गई, तो उसके कब्जे से 10.8 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद हुआ। कनाड़िया थाना पुलिस ने नशीला पदार्थ जब्त कर आरोपी विनोद मराठा को गिरफ्तार कर लिया है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।